कोटद्वार, शनिवार
14 मार्च 2026
वर्षः 48
अंकः 285 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार
www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### सीएम के निर्देश पर इकबालपुर चौकी के सभी पुलिसकर्मी निलंबित

जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : राज्य में कानून व्यवस्था को लेकर सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत सख्त कार्रवाई की गई है। अवैध खनन से संबंधित एक ऑडियो सामने आने के बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर हरिद्वार जनपद की इकबालपुर पुलिस चौकी में तैनात पूरे स्टाफ को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।जानकारी के अनुसार इकबालपुर क्षेत्र में अवैध खनन से जुड़े मामले में पुलिसकर्मियों की भूमिका संदिग्ध पाए जाने पर यह कार्रवाई की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार द्वारा तत्काल निर्णय लेते हुए चौकी प्रभारी सहित पूरी चौकी के छः पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है तथा मामले की विस्तृत जांच एसपी देहात को सौंप दी गई है। निलंबित किए गए पुलिसकर्मियों में उपनिरीक्षक नवीन सिंह चौहान (चौकी प्रभारी इकबालपुर), हेड कांस्टेबल विरेन्द्र शर्मा, हेड कांस्टेबल हरेन्द्र, कांस्टेबल विपिन कुमार, देवेश सिंह, प्रदीप शामिल हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्पष्ट कहा है कि राज्य में अवैध खनन, भ्रष्टाचार या किसी भी प्रकार की अनियमितता को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी जिन अधिकारियों पर है, यदि वही अपने कर्तव्यों में लापरवाही या अनुचित गतिविधियों में संलिप्त पाए जाते हैं तो उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि मामले की निष्पक्ष और त्वरित जांच सुनिश्चित की जाए तथा दोषी पाए जाने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए।

### व्यावसायिक दुकानों से 22 घरेलू गैस सिलिंडर जब्त

रुद्रप्रयाग। जिला प्रशासन की टीमों ने शुक्रवार को विभिन्न बाजारों में छापा मारा। इस दौरान घोलतीर और सुमेरपुर क्षेत्र में व्यावसायिक दुकानों से करीब 22 घरेलू गैस सिलिंडर जब्त किए गए। प्रशासन ने बताया कि घरेलू उपयोग के लिए निर्धारित सिलिंडरों का इस्तेमाल व्यावसायिक कार्यों में किया जा रहा था। इस दौरान पूर्ति निरीक्षक पीबी सती, पूर्ति निरीक्षक सीएम बरमोला, वीरेंद्र सिंह नेगी, एचएस रावत तथा थानाध्यक्ष रुद्रप्रयाग सुरेश बलूनी आदि मौजूद रहे। वहीं मुख्यालय स्थित होटल संचालकों धीरज सिंह, कमल सिंह और सावन सिंह आदि का कहना है कि व्यवसायिक सिलिंडर गोदाम पर नहीं मिल रहे हैं। वहीं ओटीपी जनरेट न होने के कारण सिलिंडर खाली पड़े हैं। चारधाम के कपाट खुलने से पहले पर्यटक पहुंचने लगे हैं। ऐसे में एक सिलिंडर महज 8–10 दिन चलता है। अनुपलब्धता की वजह से रोजगार का संकट हो जाएगा। उन्होंने कहा कि एक तरफ सिलिंडर नहीं मिल रहा और दूसरी तरफ प्रशासन का डंडा। ऐसे में कैसे हम होटल चला पाएंगे।

### सांड के हमले में बुजुर्ग की मौत

हरिद्वार। कनखल थाना क्षेत्र के जगजीतपुर में सांड के हमले में बुजुर्ग की मौत हो गई। मृतक की पहचान 75 वर्षीय रामकिशन निवासी जगजीतपुर के रूप में हुई है। इसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस के अनुसार, यह घटना गुरुवार शाम मांगेराम की पुलिया के पास हुई। रामकिशन सड़क किनारे खड़े थे कि पीछे से आए एक सांड ने अचानक हमला कर दिया। सांड ने टक्कर मारकर सड़क पर पटक दिया। गंभीर रूप से घायल बुजुर्ग को आसपास के लोगों ने एक अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। यह घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। सूचना मिलते ही कनखल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच की। थाना प्रभारी डीएस रावत ने बताया कि परिजनों ने अंतिम संस्कार कर दिया है।खड़खड़ी–जगजीतपुर में लावारिस पशुओं का आतंकलोगों का कहना है कि जगजीतपुर और आसपास के क्षेत्रों में लंबे समय से लावारिस पशुओं से खतरा बना हुआ है। कई बार शिकायत के बावजूद ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है।


### नाबालिग का अपहरण करने वाले को दो वर्ष की कैद

हरिद्वार। नाबालिग लड़की को बहला–फुसलाकर भगा ले जाने के आरोपी को अपर जिला जज/एफटीएससी चंद्रमणि राय ने दोषी ठहराया। कोर्ट ने दो साल के कठोर कारावास के साथ 10 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड नहीं भरने पर एक माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। शासकीय अधिवक्ता भूपेंद्र चौहान ने बताया कि 20 सितंबर 2022 को कनखल क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की फूफा के घर से कम्प्यूटर सीखने गई थी।

## महायुद्ध के बीच एलपीजी संकट पर बोले पीएम मोदी..

# कुछ लोग पैनिक क्रिएट पैदा कर रहे

नई दिल्ली/दुबई/बेरूत , मध्य पूर्व में ईरान और इजरायल के बीच छिड़ा युद्ध अब एक भीषण क्षेत्रीय संकट में बदल चुका है। जहाँ एक ओर खाड़ी देशों–सऊदी अरब, यूएई और कुवैत–पर मिसाइलों और ड्रोनों की बरसात हो रही है, वहीं दूसरी ओर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस वैश्विक तनाव से उपजे एलपीजी संकट पर देशवासियों को आश्वस्त किया है। दिल्ली में आयोजित एक समिट के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऊर्जा संकट पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा वैश्विक युद्ध का प्रभाव हमारे पड़ोस (मिडल ईस्ट) में चल रहा यह युद्ध पूरी दुनिया को बड़े ऊर्जा संकट में डाल चुका है। कोई भी देश इसके प्रभाव से अछूता नहीं है।पैनिक फैलाने वालों को चेतावनीः पीएम ने एलपीजी की किल्लत की खबरों पर कहा कि कुछ लोग जानबूझकर 'पैनिक' (डर) पैदा कर अपना एजेंडा चला रहे हैं। उन्होंने साफ किया कि ऐसा करने वाले लोग देश का नुकसान कर रहे हैं और जनता के सामने खुद एक्सपोज हो रहे हैं।



सरकार की प्रतिबद्धताः प्रधानमंत्री ने भरोसा दिलाया कि भारत इस संकट से निपटने के लिए कोई कसर बाकी नहीं छोड़ रहा है। जमीनी हस्तर पर स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। यूएई के रक्षा मंत्रालय के अनुसार, पिछले 24 घंटों में 10 बैलिस्टिक मिसाइलों और 26 ड्रोनों को इंटरसेप्ट किया गया है। ईरान की ओर से हो रहे इन हमलों में अब तक 6 विदेशी नागरिकों (पाकिस्तानी, नेपाली और बांग्लादेशी सहित) की जान जा चुकी है।

### स्कॉर्पियो वाहन खाई में गिरा, दो घायल

अल्मोड़ा। सोमेश्वर क्षेत्र में पच्चीसी के पास शुक्रवार को एक स्कॉर्पियो वाहन खाई में गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में वाहन सवार दो लोग घायल हो गए, जिन्हें स्थानीय ग्रामीणों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कौसानी पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार किया गया। दोनों को हल्की चोटें आई हैं और उनकी स्थिति सामान्य बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार वाहन संख्या यूके 01 टीए 3561 अचानक अनियंत्रित होकर करीब 60 मीटर गहरी खाई में गिर गया। डायल 112 के माध्यम से गुरुवार शुक्रवार मध्य रात्रि करीब 1:05 बजे घटना की सूचना मिलने पर प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सोमेश्वर मदन मोहन जोशी पुलिस बल और रेस्क्यू उपकरणों के साथ मौके पर पहुंचे। स्थानीय ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए चालक और उसके साथी को खाई से निकालकर प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कौसानी भेज दिया था। घायलों की पहचान राजेंद्र (32 वर्ष) पुत्र बहादुर राम निवासी छानी सोमेश्वर तथा प्रकाश (32 वर्ष) पुत्र प्रताप राम निवासी रनमन, थाना सोमेश्वर के रूप में हुई है। दुर्घटना के बाद पुलिस, एसडीआरएफ और फायर सर्विस की टीमों ने वाहन में अन्य किसी व्यक्ति के होने की संभावना को देखते हुए सर्च अभियान चलाया, लेकिन मौके पर कोई अन्य व्यक्ति नहीं मिला।

# मुख्यमंत्री धामी ने परमार्थ निकेतन में 38वें अंतर्राष्ट्रीय योग महोत्सव में किया प्रतिभाग

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज योग नगरी ऋषिकेश स्थित परमार्थ निकेतन में आयोजित 38वें अंतर्राष्ट्रीय योग महोत्सव में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने देश–विदेश से पधारे योग साधकों, योगाचार्यों एवं महानुभावों का देवभूमि उत्तराखंड में स्वागत एवं अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि यह उनका परम सौभाग्य है कि उन्हें इस भव्य अंतर्राष्ट्रीय योग महोत्सव में सहभागिता का अवसर प्राप्त हुआ।

मुख्यमंत्री ने कहा कि माँ गंगा की दिव्य आरती में सहभागी बनना तथा विश्वकल्याण हेतु आयोजित पवित्र यज्ञ में आहुति अर्पित करना उनके लिए अत्यंत सौभाग्य का विषय है। मुख्यमंत्री ने कहा कि योग भारत की पुण्य भूमि से निकली प्राचीन और महान विधा है, जिसे आज विश्वभर के करोड़ों लोग अपने जीवन का हिस्सा बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि मन, शरीर और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित करने वाला सार्वभौमिक विज्ञान है, जो आत्मिक



शांति प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि आज जब विश्व तनाव, अवसाद और जीवनशैली जनित रोगों से जूझ रहा है, ऐसे समय में योग एक ह्लनेचुरल हीलिंग सिस्टमह्व के रूप में आत्मिक शांति और संतुलन प्रदान कर रहा है। योगासन और प्राणायाम के माध्यम से शरीर और मन को तनावमुक्त किया जा सकता है तथा रोग प्रतिरोधक क्षमता और एकाग्रता में वृद्धि होती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि योग ने जाति, भाषा, धर्म और भूगोल की सीमाओं को पार कर मानव समाज को जोड़ने का कार्य किया है तथा ह्लवसुधैव कुटुम्बकम्ह्व और ह्लसर्वे भवन्तु सुखिनःह्व के संदेश को विश्वभर में पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाने का प्रस्ताव संयुक्त राष्ट्र में रखा गया, जिसके परिणामस्वरूप आज 180 से अधिक देशों में योग का व्यापक अभ्यास हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड केवल देवभूमि ही नहीं, बल्कि योग और अध्यात्म की भूमि भी है। राज्य की नैसर्गिक सुंदरता और शुद्ध वातावरण योग साधना के लिए अत्यंत अनुकूल है। इसी दृष्टि से राज्य सरकार ने उत्तराखंड को योग की वैश्विक राजधानी बनाने हेतु देश की पहली ह्लयोग नीति 2025ह्व लागू की है। उन्होंने बताया कि योग एवं ध्यान केंद्र विकसित करने के लिए 20 लाख रुपये तक की सब्सिडी तथा शोध कार्यों के लिए 10 लाख रुपये तक के अनुदान का प्रावधान किया गया है। साथ ही पाँच नए योग हब स्थापित किए जा रहे हैं तथा सभी आयुष हेल्थ एवं वेलनेस सेंटरों में योग सेवाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आयुष वेलनेस सेंटर एवं नेचुरोपैथी केंद्रों को भी निरंतर बढ़ावा दिया जा रहा है। प्रदेश में 300 से अधिक आयुष्मान आरोग्य केंद्र संचालित हैं तथा प्रत्येक जनपद में 50 एवं 10 बेड वाले आयुष चिकित्सालय स्थापित किए जा रहे हैं।

# पाकिस्तान ने अफगानिस्तान में की बड़ी एयर स्ट्राइक

## काबुल से कंधार तक बरसाए बम, दोनों देशों में तनाव बढ़ा

कराची ,अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच जारी तनाव अभी थमता नजर नहीं आ रहा है। अफगानिस्तान पर पाकिस्तान के ताजा हवाई हमले में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि 15 अन्य घायल हो गए। अफगान सरकार ने शुक्रवार को कहा कि पाकिस्तान ने काबुल समेत कई प्रांतों में नए हमले किए हैं। तालिबान सरकार के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद के अनुसार काबुल, कंधार, पक्तिया, पक्तिका और कुछ अन्य क्षेत्रों को निशाना बनाया गया। काबुल पुलिस ने बताया कि पाकिस्तानी हमले में राजधानी में चार लोगों की मौत हो गई। काबुल पुलिस के प्रवक्ता खालिद जादरान ने बताया कि पाकिस्तानी बमबारी में रिहायशी घरों को निशाना बनाया गया, जिसमें चार लोगों की मौत हुई और 15 अन्य घायल हो गए।

**नागरिकों को निशाना बनाने का आरोप**

तालिबान सरकार ने गुरुवार को कहा



कि पूर्वी अफगानिस्तान में पाकिस्तानी तोपखाने और मोर्टार हमले में एक ही परिवार के चार सदस्य मारे गए, जिनमें दो बच्चे भी शामिल थे। काबुल के अधिकारियों के मुताबिक सीमा पार झड़पों के कारण मंगलवार से अब तक अफगानिस्तान में सात लोगों की मौत हो चुकी है। सरकार के उप–प्रवक्ता हमदुल्ला फितरत ने बताया कि ये मौतें गुरुवार तड़के खोस्त प्रांत के सादको गांव में हुईं। उन्होंने पाकिस्तान पर जानबूझकर नागरिकों के घरों और खानाबदोशों के तंबुओं को निशाना बनाने का आरोप लगाया। फितरत ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्क पर लिखा कि एक खानाबदोश परिवार के चार सदस्य–एक महिला, एक पुरुष और दो बच्चे (एक लड़की और एक लड़का)– मारे गए, जबकि तीन अन्य बच्चे घायल हो गए।

**पाकिस्तान ने दी सफाई**

वहीं पाकिस्तान ने नागरिकों को निशाना बनाने के आरोपों से इनकार किया है। इस्लामाबाद में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ताहिर हुसैन अंद्राबी ने कहा कि पाकिस्तान ने पूरी सावधानी के साथ लक्षित अभियान चलाया और यह सुनिश्चित करने की कोशिश की कि किसी भी नागरिक को नुकसान न पहुंचे।

### कपड़ा फैक्ट्री के स्लज टैंक में जहरीली गैस से 3 मजदूरों की मौत, मोर्चरी के बाहर फूटा आक्रोश

बालोतरा ,राजस्थान के बालोतरा औद्योगिक क्षेत्र (रीको फेज–3) में शुक्रवार दोपहर एक हृदयविदारक घटना घटी। लालजी इंडस्ट्रीज नामक कपड़ा फैक्ट्री में केमिकल स्लज टैंक की सफाई करने उतरे तीन मजदूरों की जहरीली गैस की चपेट में आने से मौत हो गई। इस हादसे के बाद पूरे औद्योगिक क्षेत्र में हड़कंप मच गया और प्रशासनिक सुरक्षा मानकों पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। जानकारी के अनुसार, दोपहर करीब 12:30 बजे सफाई के दौरान अचानक टैंक में जहरीली गैस बन गई, जिससे तीनों मजदूर बेहोश होकर अंदर ही गिर पड़े। आनन–फानन में उन्हें बाहर निकालकर नाहटा जिला अस्पताल ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान श्रवण (32), गुमनाराम (25) और विशंभर तिवारी (54) के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही एसडीएम अशोक विश्नोई और डीएसपी अनिल पुरोहित ने मौका मुआयना किया। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि मजदूरों को बिना किसी सुरक्षा उपकरण के ही खतरनाक टैंक में उतारा गया था। एसडीएम ने स्पष्ट किया कि फैक्ट्री संचालक की लापरवाही पाए जाने पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। हादसे के बाद मृतकों के परिजनों और स्थानीय निवासियों का गुस्सा फूट पड़ा। आक्रोशित लोगों ने नाहटा अस्पताल की मोर्चरी के बाहर सड़क पर जाम लगा दिया है। प्रदर्शनकारी दोषियों की गिरफ्तारी और मुआवजे की मांग कर रहे हैं। फिलहाल मौके पर भारी पुलिस बल तैनात है और स्थिति को नियंत्रण में करने के प्रयास जारी हैं।

# पिकअप वाहन से अवैध सिलेंडर बरामद , मुकदमा दर्ज

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारःकोटद्वार में प्रशासन ने अवैध गैस सिलेंडरो के मामले में बड़ी कार्रवाई की है। लालबत्ती चौक पर पिकअप वाहन से 35 गैस सिलेंडर बरामद किए गए। वही इस मामले में ड्राइवर पर भी मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

जिलाधिकारी पौड़ी स्वाति एस. भदौरिया के निर्देशन में चलाए गए इस अभियान के दौरान रात कोटद्वार में लालबत्ती चौराहे पर एक पिकअप वाहन से 20 खाली कमर्शियल गैस सिलेंडर और 15 डोमेस्टिक गैस सिलेंडर बरामद किए गए।इस मामले की सूचना मिलते ही उपजिलाधिकारी कोटद्वार संदीप कुमार के नेतृत्व में नायब तहसीलदार, बाट–माप निरीक्षक, सप्लाई ऑफिसर और कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम ने मौके से वाहन को पकड़कर सिलेंडरों को जब्त किया। साथ ही इस मामले में वाहन चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की कार्रवाई भी की जा रही है।



रात में ही इन सिलेंडरो को तहसील परिसर में लाकर कार्यवाही की गई। वही पूरे जिले में चलाए गए इस अभियान के तहत कुल 203 जगह निरीक्षण किया गया। जिनमें से 8 गैस गोदाम, 3 पेट्रोल पंप और 190 होटल, रेस्टोरेंट शामिल रहे। वही जांच के दौरान अनियमितता मिलने पर दो मामलों में भारी जुर्माना भी लगाया गया, जबकि दो घरेलू गैस सिलेंडर भी जब्त किए गए।

# क्रिकेटर कुलदीप यादव की हल्दी की रस्म में खूब थिरके मेहमान

मसूरी। टी–20 विश्व कप विजेता टीम इंडिया के स्टार गेंदबाज कुलदीप यादव अपनी बचपन की मित्र वंशिका चड्ढा के साथ कल शनिवार को मसूरी के ऐतिहासिक सेवाय होटल में शादी के बंधन में बंध जाएंगे। आज शुक्रवार को उनकी हल्दी की रस्म हुई। भारतीय क्रिकेट टीम के स्पिनर कुलदीप यादव की शादी के रंगारंग कार्यक्रम में शुक्रवार को आयोजित हल्दी समारोह में क्रिकेटर युजवेंद्र चहल और रिंकू सिंह समेत कई खिलाड़ियों ने डांस कर माहौल को और उत्साहपूर्ण बना दिया। शहर के प्रतिष्ठित होटल आइटीसी द सेवाय में शुक्रवार की सुबह हल्दी की रस्म के साथ विवाह समारोह की शुरुआत हुई। सुबह करीब 11 बजे शुरू हुई हल्दी की रस्म दोपहर लगभग दो बजे तक चली, जिसमें परिवार, दोस्तों और क्रिकेट जगत से जुड़े मेहमानों ने जमकर मस्ती की। कार्यक्रम के बाद मेहमानों के लिए विशेष लंच का आयोजन किया गया, जिसमें एक थाली की कीमत 20 हजार रुपये से अधिक बताई जा रही है। कार्यक्रमों में परिवार



के सदस्य, करीबी रिश्तेदार और खास मेहमान शामिल हुए। दिनभर चले इन कार्यक्रम के बाद शाम को संगीत व म्यूजिकल इवनिंग का आयोजन किया गया। शाम करीब छह बजे शुरू हुए इस कार्यक्रम में मेहमानों ने संगीत की धुनों पर नृत्य किया और शादी के जश्न का आनंद लिया। दोनों की शादी 14 मार्च को मसूरी में होगी, जबकि 17 मार्च को लखनऊ में भव्य रिसेप्शन का आयोजन किया जाएगा। हल्दी के बाद कुलदीप यादव अपनी दुल्हन वंशिका के साथ भी डांस मूव्स करते नजर आए। शाम को होटल में संगीत और काकटेल पार्टी का आयोजन किया गया। होटल परिसर को विशेष रूप से सजाया गया था और कार्यक्रम में शामिल मेहमानों के लिए पारंपरिक व्यंजन और मनोरंजन की व्यवस्था भी की गई। शादी समारोह में शामिल होने के लिए क्रिकेटर रिंकू सिंह, सुरेश रैना, युजवेंद्र चहल, नितेश राणा के अलावा सिंगर कैलाश खेर, भारतीय टीम के फील्डिंग कोच टी दिलीप व अभिनेता कुणाल कपूर भी मसूरी पहुंच चुके हैं। वहीं, सूत्रों के मुताबिक तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज के भी रात तक पहुंचने की संभावना है। सूत्रों के अनुसार भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर, क्रिकेटर तिलक वर्मा और पूर्व क्रिकेटर सुनील गावस्कर के शादी में शामिल होने के लिए शनिवार को पहुंचने की संभावना है। कुलदीप की शादी में क्रिकेटर रिंकू सिंह अपनी मंगेतर प्रिया सरोज के साथ पहुंचे। वहीं, युजवेंद्र चहल पूरे जोश में नजर आए और कहा कि 'भाई की शादी है, फुल डांस होगा।' शादी समारोह में कई खेल व सामाजिक क्षेत्रों से जुड़े विशेष मेहमानों के शामिल होने की संभावना जताई जा रही है। इस भव्य समारोह को लेकर स्थानीय लोगों में उत्सुकता बनी हुई है और होटल के आसपास सुरक्षा व व्यवस्था को लेकर विशेष इंतजाम किए गए हैं।

### दुबई में फिर जोरदार धमाका, इमारतें हिलीं

दुबई ,ईरान–इजरायल युद्ध के बीच शुक्रवार को दुबई में तेज धमाके की आवाज से पूरे शहर में हड़कंप मच गया। धमाका इतना जोरदार था कि आसपास की इमारतें हिल गईं और इलाके में काला धुआं फैल गया। घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसमें घटना स्थल के पीछे साफ दिखाई दे रहा है। धमाके के बाद आसपास मौजूद लोगों ने इमारतों में कंपन महसूस किया। वहीं धमाके से गिरे मलबे के कारण मध्य दुबई में एक इमारत के बाहरी हिस्से को मामूली नुकसान पहुंचा है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि इस घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।

**बचाव अभियान तेज**

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साझा की गई जानकारी में कहा गया कि सफल बचाव अभियान के दौरान गिरे मलबे की वजह से मध्य दुबई की एक इमारत के बाहरी हिस्से पर हल्की क्षति हुई। राहत की बात यह रही कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ।

# सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड में दो आरोपियों को जमानत

## पवन बिश्नोई और जगतार सिंह को मिली राहत

नई दिल्ली , देश की शीर्ष अदालत सुप्रीम कोर्ट ने चर्चित सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड में नामजद दो आरोपियों पवन बिश्नोई और जगतार सिंह को जमानत दे दी है। अदालत के इस फैसले के बाद मामले ने एक बार फिर सुर्खियां बटोर ली हैं। हालांकि, इस निर्णय पर मूसेवाला के परिवार की ओर से फिलहाल कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। दरअसल, यह राहत पवन बिश्नोई और जगतार सिंह को मिली है, जिन्हें पंजाबी गायक शुभदीप सिंह सिद्धू उर्फ सिद्धू मूसेवाला की हत्या के मामले में आरोपी बनाया गया था। दोनों आरोपी अब तक पंजाब की गोबिंदगढ़ जेल में बंद थे और लंबे समय से जमानत के लिए कानूनी प्रयास कर रहे थे। गौरतलब है कि 29 मई



2022 को पंजाब के मानसा जिले के जवाहरके गांव में अज्ञात हमलावरों ने दिनदहाड़े सिद्धू मूसेवाला पर गोलियां बरसाकर उनकी हत्या कर दी थी। इस सनसनीखेज वारदात ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया था। पुलिस जांच के दौरान पवन बिश्नोई पर आरोप लगाया गया था कि उसने हमलावरों को राजस्थान नंबर की बोलेरो गाड़ी उपलब्ध करवाई थी, जबकि जगतार सिंह पर गायक की गतिविधियों की रेकी करने का आरोप है।

## महिलाओं को कोई नौकरी पर नहीं रखेगा

# पीरियड्स लीव को लेकर सुप्रीम कोर्ट का सुनवाई से इन्कार

नई दिल्ली ,देशभर में कामकाजी महिलाओं और छात्राओं को मासिक धर्म के दौरान होने वाली तकलीफों के मद्देनजर विशेष अवकाश की मांग को लेकर दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई से इनकार कर दिया। अदालत ने याचिका का निस्तारण करते हुए कहा कि इस मुद्दे पर नीति बनाने का निर्णय सरकार को करना चाहिए और इसके लिए सभी पक्षों से विचार–विमर्श जरूरी है।

सुनवाई के दौरान भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि इस तरह की याचिकाएं कई बार अनावश्यक भय पैदा करती हैं। उन्होंने टिप्पणी करते हुए कहा कि ऐसा प्रतीत होता है मानो यह साबित करने की कोशिश की जा रही हो कि महिलाएं कमजोर हैं और मासिक धर्म



की वजह से उनके साथ कुछ गलत हो रहा है। कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता पहले ही इस विषय पर अपनी बात केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के समक्ष रख चुके हैं। ऐसे में मंत्रालय को इस मुद्दे पर सभी संबंधित पक्षों से चर्चा करके उचित नीति बनाने पर विचार करना चाहिए। सुनवाई के दौरान पीठ में शामिल जस्टिस बागची ने एक महत्वपूर्ण पहलू उठाया। उन्होंने कहा कि यदि इस तरह का अधिकार कानून के रूप में लागू किया जाता है, तो नियोक्ताओं पर इसका क्या प्रभाव पड़ेगा। इस पर भी विचार करना जरूरी है। यह भी सोचना होगा कि वे नियोक्ता, जिन्हें महिला कर्मचारियों को अतिरिक्त भुगतान सहित अवकाश देना होगा, इस स्थिति को कैसे देखेंगे। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता एमआर शमशाद ने अदालत को बताया कि केरल में स्कूलों में छात्राओं को ऐसी छूट दी गई है। देश की कुछ निजी कंपनियां भी स्वेच्छा से मासिक धर्म अवकाश दे रही हैं।

### एलपीजी आपूर्ति पर महाराष्ट्र और यूपी प्रशासन सख्त

मुंबई/अयोध्या , देश के विभिन्न हिस्सों में एलपीजी आपूर्ति को लेकर उपजी चिंताओं के बीच महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश सरकारों ने कड़े कदम उठाए हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि घरेलू गैस की कोई कमी नहीं है और वितरण व्यवस्था को पारदर्शी बनाने के लिए नई सुविधाएँ शुरू की जा रही हैं। महाराष्ट्र सरकार ने तेल कंपनियों को निर्देश दिया है कि गैस बुकिंग ऐप्स और मिस्ड कॉल सेवाओं में आ रही तकनीकी खामियों को तुरंत दूर किया जाए।

सरकार ने आपूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए निम्नलिखित घोषणाएं की हैं: कंट्रोल रूम की स्थापनाः राज्य से लेकर तालुका स्तर तक शीघ्र ही कंट्रोल रूम बनाए जाएंगे। शिकायत निवारण : उपभोक्ताओं के लिए सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

# वित्त वर्ष 26 के लिए भारत का राजकोषीय घाटा संशोधित अनुमानों के अनुरूप रहेगा : वित्त मंत्री

नई दिल्ली । वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को लोकसभा में कहा कि सरकार वित्त वर्ष 26 के लिए राजकोषीय घाटे को संशोधित अनुमानों के अनुरूप रखेगी। संसद में सीतारमण ने कहा कि अतिरिक्त खर्च के प्रस्ताव के बाद भी राजकोषीय घाटा वित्त वर्ष 27 के बजट में घोषित किए गए संशोधित लक्ष्य के अनुरूप ही रहेगा। साथ ही उन्होंने दोहराया कि सरकार राजकोषीय अनुशासन और राजकोषीय समेकन को लेकर प्रतिबद्ध बनी हुई है। वित्त मंत्री के मुताबिक, केंद्र सरकार द्वारा कोविड महामारी के बाद उठाए गए कदमों से देश की अर्थव्यवस्था मजबूती हुई है और साथ ही, वैश्विक झटकों के बाद भी राजकोषीय अनुशासन बनाए रखने की



देश की क्षमता भी बढ़ी है। इसके अतिरिक्त, वित्त मंत्री ने इकोनॉमिक स्टेबलाइजेशन फंड का प्रस्ताव रखा, जो देश कों वैश्विक आर्थिक झटकों का मजबूती से सामना करने के लिए अतिरिक्त राजकोषीय क्षमता प्रदान करेगा। सीतारमण ने कहा कि प्रस्तावित फंड अप्रत्याशित वैश्विक संकटों जैसे आपूर्ति श्रृंखलाओं में व्यवधान, किसी बड़े संकट के चलते अर्थव्यवस्था के मुख्य क्षेत्रों को होने वाले नुकसान और अन्य बाहरी झटकों से निपटने के लिए सरकार की राजकोषीय हेडरूम प्रदान करेगा। इस फंड का उद्देश्य हाल के अंतरराष्ट्रीय संकटों जैसी वैश्विक अनिश्चितता की अवधि के दौरान अर्थव्यवस्था को स्थिर करने में मदद करना है। इस फंड को लेकर वित्त मंत्री ने कहा कि अप्रत्याशित घटनाक्रमों की आशंका में सरकार द्वारा आर्थिक स्थिरीकरण के उपाय तैयार किए जा रहे हैं।

## सम्पादकीय

### खाकी के संरक्षण में अवैध खनन

उत्तराखंड में अवैध खनन और अंकुश लगाने में सरकार और पुलिस तंत्र के पसीने छूट रहे हैं। पूरे प्रदेश के अंदर खनन को लेकर एक ऐसी जंग छिड़ी हुई है जिसमें रॉयल्टी के साथ–साथ अवैध तरीके से भी नदियों का दोहन किया जा रहा है। पूर्व में ऐसे ना जाने कितने ही मामले प्रकाश में आ चुके हैं जिसमें अवैध खनन करने वालों पर कार्रवाई करने के दौरान हिंसक घटनाएं हो चुकी है। यहां तक की पुलिस कर्मियों पर वाहन तक चढ़ा दिए गए तो वहीं खनन विभाग के कर्मचारियों को भी कई बार खनन माफियाओं की हिंसा का शिकार बनना पड़ा है। सबसे बड़ा दुर्भाग्य पुलिस की भूमिका को लेकर है जिसके कई मामले पूर्व में प्रचलित रहे हैं जिसमें संबंधित कारण क्षेत्र की थाना और चौकी पुलिस की संलिप्तता पाई गई है। ताजा मामले में हरिद्वार जनपद के इकबालपुर पुलिस चौकी का पूरा स्टाफ मुख्यमंत्री के निर्देशों के बाद निलंबित किया गया है। यह कार्रवाई अवैध खनन में पुलिसकर्मियों की मिलीभगत के बाद मुख्यमंत्री के संज्ञान में आई थी तथा इसके बाद उनके निर्देश पर हरिद्वार के कप्तान द्वारा यह कार्रवाई की गई। यह शासकीय निर्देश स्पष्ट बताते हैं कि राज्य के अंदर बड़े पैमाने पर पुलिस के संरक्षण में अवैध खनन का काला कारोबार खूब फल फूल रहा है और यह बात गलत भी नहीं है। वैसे सिर्फ पुलिस महकमे को ही कोई टारगेट करना ठीक नहीं होगा बल्कि खनन विभाग भी अवैध खनन को रोकने में कभी भी सक्रिय नजर नहीं आया है। अवैध खनन को रोकने का सारा ठीकरा स्थानीय पुलिस के सिर पर है और यह सभी जानते हैं कि रोकने से ज्यादा इसमें शामिल होकर ही निजी तौर पर जेब गर्म की जा सकती है। ऐसे ही नदी क्षेत्र के थानों में पोस्टिंग करने के लिए मारामारी नहीं मचती है बल्कि इसके पीछे कुछ ऐसे ठोस कारण भी होते हैं जिसमें घाटे का कोई सौदा नजर ही नहीं आता। एक तरफ सरकार अवैध खनन को रोकने के लिए तमाम नियम कानून लाने का दावा करती है तो वही उसके अधीन में काम करने वाले विभाग पर ही सरकार के नियंत्रण में नहीं है। इन परिस्थितियों में ना तो अवैध खनन रुकने वाला है और ना ही अवैध खनन पर रोकथाम लगाने वाले ईमानदार कर्मचारी की कोई सुनने को तैयार है। अवैध खनन का काम उत्तराखंड में शुरुवात से ही चलता हुआ आ रहा है और संभव नहीं की पूर्ण तौर पर राज्य सरकार इस अवैध कार्य को रोकने के लिए पूरी तरह से कारगर साबित हो सके। जब संबंधित थाने चौकी ही खनन माफिया को संरक्षण प्रदान करेंगे तो उम्मीद की जा सकती है कि कैसे अवैध खनन को रोका जा सकता है?

# ट्रंप ने पिछले एक वर्ष में दुनिया को हांका

**हरिशंकर व्यास**

देश–सभ्यता विशेष को व्यक्ति विशेष कितना तबाह कर देता है और संविधान, सुप्रीम कोर्ट कैसे देश बचाने की ढाल बनते हैं, इसका प्रमाण आज अमेरिका है। उस नाते अमेरिका के ढाई सौ साल और भारत की स्वतंत्रता, संविधान के आठ दशकों का क्या फर्क है? भारत ने कुछ ही दशकों में संविधान से सरकार को 'हम भारत के लोगइ का माईबाप बना दिया। संस्थाएं बिना रीढ़ की हो गईं। नतीजतन 140 करोड़ लोग खैरात से भय, भूख, भक्ति की जिंदगी जी रहे हैं।

ठीक विपरीत ढाई सौ साल पुराने अमेरिकी संविधान को खंगालें तो एकमात्र डोनाल्ड ट्रंप वह राष्ट्रपति हैं, जिन्होंने संविधान–संस्थाओं को बेशर्मी से ठेंगा दिखाया। संविधान के एक आपातकालीन प्रावधान के हवाले टैरिफ के वे मनमाने फरमान निकाले, जिससे दुनिया में त्राहिमाम हुआ। पर अमेरिका के नागरिकों ने ही इस मनमानी को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी! और सुप्रीम कोर्ट के छह जजों ने (तीन विरोध में) बहुमत से दो टूक यह फैसला दिया, ट्रंप के टैरिफ अवैध हैं! दुनिया में कितने ऐसे सुप्रीम कोर्ट हैं, जिनके जजों में ऐसी रीढ़ की हड्डी है? ट्रंप ने भी पिछले कार्यकाल में अपने जज नियुक्त किए थे। उनमें से भी राष्ट्रपति के फैसलों को अवैध करार देने वाले जज थे। चीफ जस्टिस सहित सभी नौ जजों ने जांच–तौल में लिखे गए प्रावधानों की व्याख्या तर्कों के साथ की और साफ बहुमत से ट्रंप के फैसलों को अवैध करार दिया।ट्रंप का बौखलाना स्वाभाविक था। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट और जजों के खिलाफ विदेशी प्रभाव से लेकर कुत्ते जैसे जुमलों तक से हमला किया। और यह भी अमेरिकी संविधान की इस बुनियाद पर है कि नागरिक का मूलभूत अधिकार व्यक्तिगत स्वतंत्रता में कुछ भी कहने, यानी उसकी अभिव्यक्ति की आजादी का अबाध हक है। राष्ट्रपति डराएं, धमकाएं, कार्यपालिका को मनमाफिक चलाएं, सुप्रीम कोर्ट का जज न डरेगा, न चिंता करेगा। वह संविधान के प्रति प्रतिबद्धता में वही फैसला देगा जो संविधान का सत्य है और उसकी जो समझ या व्याख्या है।

सरकार या राष्ट्रपति से डरना, या कानून मंत्रियों की दखलंदाजी का अमेरिकी न्यायपालिका में कोई अर्थ नहीं है। न्यायपालिका की वैसी ही पृथक सत्ता है जैसी विधायिका–संसद की अपनी पृथक स्वतंत्रता है, तो बतौर कार्यपालिका के प्रमुख राष्ट्रपति का पावर भी पृथक और स्पष्ट है। तभी सुप्रीम कोर्ट ने संविधान–प्रदत्त आपातकालीन प्रावधानों के हवाले ट्रंप के टैरिफ अवैध करार दिए तो ट्रंप ने फटाफट अपने दूसरे अधिकार से 15 प्रतिशत टैरिफ का नया आदेश निकाला। पर इस आदेश के टैरिफ पांच महीने ही मान्य रहेंगे। फिर संसद जाना पड़ेगा। इस प्रावधान में टैरिफ लगाने की सीमा पंद्रह प्रतिशत ही है। जाहिर है, ऐसा करके ट्रंप ने सुप्रीम कोर्ट की परवाह न करने, मतलब अपने अहंकार को फिर दर्शाया।इससे बदनामी, भद किसकी हो रही है? पूरी दुनिया और खासकर यूरोप के असल लोकतांत्रिक देशों में किसकी वाहवाही है? अमेरिका और अमेरिकी संविधान की। ट्रंप की नाराजगी की बिना चिंता किए वैश्विक मीडिया और नेताओं ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को सत्ता के संतुलन की जीत बताया। मतलब कोर्ट ने कार्यपालिका (राष्ट्रपति) की सीमाओं को स्पष्टता से दर्शाया है कि अमेरिका में कोई भी शाखा अवैध रूप से अधिक शक्ति नहीं ले सकती। फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों ने कहा, 'लोकतंत्र में पावर काउंटरवेट्स (जांच–तौल) आवश्यक हैंइ। कनाडा सरकार ने और हिम्मत दिखाई, 'तो टैरिफ गैरकानूनी साबितइ! और तो और ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी के कई नेताओं ने संवैधानिक संतुलन (चेक–बैलेंस) के पक्ष में फैसला सटीक बताया।सोचें, दुनिया ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले से कैसी राहत ली होगी? मन ही मन अमेरिका का कैसा मान बना होगा। आश्चर्य नहीं होगा यदि यूरोपीय संघ, दक्षिण कोरिया, ब्रिटेन आदि ट्रंप प्रशासन की दादागिरी में हुए व्यापार समझौते को खारिज करें या टाल दें। मंगलवार को ट्रंप संसद के साझा सत्र में 'स्टेट ऑफ द यूनियनइ भाषण देंगे। उन्हें ठीक सामने बैठे सुप्रीम कोर्ट के जज भी सुनेंगे। संभव है यह मौका कुछ अनहोनी लिए हुए हो। नामुमकिन नहीं कि ट्रंप सामने बैठे जजों को भला–बुरा कहें। या उनके भक्त रिपब्लिकन सांसद बनाम डेमोक्रेटिक सांसदों में राजनीतिक भिड़ंत हो! राष्ट्रपति ट्रंप ने विधायिका यानी संसद पर भी दबिश बनाई हुई है। पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले से संसद के ही टैरिफ अधिकारों की पुष्टि है, तो सांसदों पर राष्ट्रपति के भड़भड़िया भाषण का विशेष असर नहीं होगा। लेकिन हंगामा तो संभव है।जो हो, मूल सवाल है अमेरिका का ऐसा बेजोड़ होना किस कारण से है? मेरा मानना है एकमेव वजह अमेरिकी नींव, संविधान है। और ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि अमेरिका उन स्वतंत्रचेता मनुष्यों से निर्मित है जिनकी मूल वृत्ति (बेसिक इंस्टिंक्ट) आकाश में उड़ने, स्वतंत्रता से जीने तथा मन का कुछ करने का लक्ष्य होता है। तभी दुनिया भर के और स्वतंत्रता के बाद भारत के भी पढ़े–लिखे, पुरुषार्थी लोग सर्वाधिक अमेरिका गए। सभी अमेरिका के परिवेश में अपने अवसर मानकर गए। इस ललक के साथ कि वे कुछ बनें, खिलें और जिंदगी संतोष, सुरक्षा, स्वाभिमान से जिएं। सवाल है, क्यों अमेरिका में यह ज्यादा संभव है? इसलिए क्योंकि सरकार, कार्यपालिका, अफसर–बाबुओं का जिंदगी में न्यूनतम दखल है (ट्रंप ने इसे भयावह तौर पर बिगाड़ा है) और खुली सांस में जीना संभव है।



दूसरे शब्दों में अमेरिका जहां सौ फूल खिलने का सांस्कृतिक आधार लिए हुए है, तो उस गरुड़–बाज मानसिकता का वह परिवेश भी है जिसमें बुद्धि, मेहनत, जोखिम और पूंजी के बूते असंभव को संभव बनाना आम व्यक्ति के लिए भी मुमकिन है। हकीकत है कि कोलंबस ने अमेरिका खोजा तो उसके बाद 17वीं सदी में इंग्लैंड, नीदरलैंड, स्पेन, फ्रांस आदि से लोग धार्मिक उत्पीड़न, कराधान और सामंती नियंत्रण से मुक्ति के लिए अमेरिका गए। तब समुद्री यात्रा की जोखिमों से पार पाकर जो भी अमेरिका पहुंचा, वह दुस्साहसी पुरुषार्थी था। सभी में यह जिद थी कि हमें कुछ बनना है, बनकर दिखाना है और जो भुगता है उसे नई दुनिया में नहीं पनपने देना है।

हां, मूल यूरोपीय विस्थापितों ने ही अपने आपको नई दुनिया कहा या माना, तो वजह यूरोप के तब के हालातों से तौबा थी। इसलिए नई दुनिया में किसी की अधीनता नहीं। हर नागरिक बंदूक रखकर रक्षा का अधिकारी। हमारा कोई मालिक नहीं। हम स्वयंभू अपने मालिक हैं। तभी इतिहास में यह तथ्य दर्ज है कि 1620 में मेफ्लावर से आए तीर्थयात्रियों ने अपना एक लिखित अनुबंध बनाया, जो स्वशासन यानी आत्म–शासन की शुरुआती मिसाल था। इसी कारण 1787 का संविधान बना तो वह मात्र शासन का दस्तावेज नहीं था, बल्कि राजा, सामंत, राष्ट्रपति–प्रधानमंत्री आदि की सत्ता से भयमुक्ति का दस्तावेज भी था। मतलब नई दुनिया में वह कुछ नहीं होगा जो 17वीं सदी में इंग्लैंड, नीदरलैंड, स्पेन, फ्रांस आदि के सामंती शासनों में था।

इसलिए अमेरिका की खोज, 'नई दुनियाइ का निर्माण, वह मानसिक खोज भी थी, जिससे मनुष्य ने स्वतंत्रता की गारंटी सुनिश्चित की। स्वशासन बनाया। संविधान निर्माताओं ने अपनी 'नई दुनियाइ को ऐसी संस्थाओं से गूंथा, जिनका प्राथमिक काम एक–दूसरे पर निगरानी रखना और नागरिकों का स्वतंत्र जीवन सुनिश्चित बनाए रखना है। इसलिए वहां विधायिका, कार्यपालिका, न्यायपालिका की एक–दूसरे पर निर्भरता नहीं है, बल्कि पृथकता से एक–दूसरे पर निगरानी, चेक–बैलेंस के पुख्ता ढांचे में ढली हुई है।हमें अंदाज नहीं है कि अमेरिका की संघीय व्यवस्था में एक स्टेट, उसका गवर्नर, उसका मेयर कितना स्वयंभू और शक्तिशाली होता है, तो विधायिका, स्टेट न्यायपालिका कितनी सशक्त है। और विकेंद्रीकृत व्यवस्था में राष्ट्रपति ट्रंप का अर्थ केंद्रीय सरकार, अंतरराष्ट्रीय संबंधों का वह महाबली है, जिससे दुनिया कंपकंपाए, पर अमेरिकी नागरिक नहीं खौफ खाता। इसलिए क्योंकि अमेरिका में संविधान का चेक–बैलेंस काम करता हुआ है। और संविधान क्यों?

जेम्स मेडिसन का एक अच्छा वाक्य है, "यदि मनुष्य देवदूत होते, तो किसी सरकार की आवश्यकता ही न होती"। पर क्योंकि मनुष्य पूर्ण, निष्कपट या निष्पाप नहीं है, पशुगत अहंकारी वृत्ति–प्रवृत्ति का मारा है, तो समाज में व्यवस्था बनाए रखने के लिए शासन और संस्थाओं की आवश्यकता है। और यदि इस सबका केंद्र एक व्यक्ति बन जाए, तो वह वैसे ही लोगों को, देश–दुनिया को हांकेगा जैसे डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले एक वर्ष में दुनिया को हांका है।

# सरकारी कर्मचारी कब से कर्मयोगी होने लगे!

**हरिशंकर व्यास**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में एक नया जुमला बोला। उन्होंने एआईओ 'मानवइ की बात कही। पहले भी नरेंद्र मोदी की सरकार यही काम करती रही है। ऐसा लगता है कि सरकार की पूरी टीम इसी काम में लगी रहती है कि कैसे हिंदी, अंग्रेजी और जरुरत हो तो उर्दू के शब्दों के पहले अक्षर लेकर एक शब्द बनाया जाए। कुछ दिन पहले ही विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन ग्रामीण यानी वीबी जी राम जी कानून बना। सोचें, कितनी मेहनत लगी होगी इस कानून को जी राम जी नाम देने में। इसमें हिंदी, अंग्रेजी और उर्दू के शब्द एक साथ शामिल किए गए।

उसी तर्ज पर 'मानवइ का जुमला प्रधानमंत्री ने बोला है। यह एक हिंदी शब्द है, जिसके अंग्रेजी अक्षरों एमएएनएवी से बना कर कुछ मैसेज देने की कोशिश की गई। इसमें एम फॉर मोरल यानी नैतिक, ए फॉर अकाउंटेबिलिटी यानी जवाबदेही, एन फॉर नेशनल सॉवरेनिटी यानी राष्ट्रीय संप्रुभता, ए फॉर एक्सेसिबल यानी सुगम और वी फॉर वैलिड यानी वैध। ऐसा लगता है कि पहले तय किया गया कि एआई का मानव बनाना है और फिर मानव की अंग्रेजी स्पेलिंग के अक्षरों के आधार पर कुछ शब्दों का चयन करके इसे ऐसे प्रस्तुत किया गया, जैसे कोई बड़ी दार्शनिक बात हो। ध्यान रहे अमेरिका के जिन टेक दिग्गजों ने 10 साल पहले एआई की कल्पना की थी और उसे मूर्त रूप दिया तो उनको कभी इस तरह के जुमले गढ़ने की जरुरत नहीं पड़ी। उन्होंने अपने विचार को धरातल पर उतारा। लेकिन भारत के पास एआई के क्षेत्र में देने के लिए नया कुछ नहीं है तो 'मानवइ का जुमला दे डाला।

इस सम्मेलन में हिस्सा लेने आए गूगल के सुंदर पिचाई ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और मुलाकात से बाहर निकले तो मीडिया के सामने कहा कि उनकी कंपनी भारत के दो करोड़ कर्मचारियों को एआई का प्रशिक्षण देगी। यह काम दशकों से हो रहा है। अमेरिका और यूरोप के देश तकनीक बनाते हैं और उसे भारत में बेचने से पहले भारत को लोगों को उसका प्रशिक्षण देते हैं। ताकि वे उसके उपयोक्ता बन सकें। यही काम कंप्यूटर और ऑपरेटिंग सिस्टम के मामले में 40 साल पहले हो रहा था और अब एआई के मामले में हो रहा है। लेकिन यहां भी प्रधानमंत्री की टीम जुमला उछालने से बाज नहीं आई। गूगल के पेशेवर भारत सरकार के कर्मचारियों को प्रशिक्षण देंगे और उस परियोजना का नाम 'कर्मयोगीइ होगा। सोचें, भारत के सरकारी कर्मचारी कब से 'कर्मयोगीइ होने लगे! ज्यादातर सरकारी कर्मचारियों से आम नागरिकों की शिकायत यह रहती है कि वे कामचोर होते हैं और रिश्वत लेते हैं। तो क्या अब एआई से कैसे कामचोरी करें और कैसे रिश्वत लें इसकी ट्रेनिंग दी जाएगी? यह भी सवाल है कि जब भारत विश्वगुरू है तो अमेरिका की कंपनी के लोग भारत के कर्मचारियों को क्यों ट्रेनिंग देंगे? कायदे से तो मोदीजी को भारत से लोगों को भेजना चाहिए था, जो अमेरिका और यूरोप के लोगों को ट्रेनिंग देंगे। दुनिया हमको सिखाएगी एआई चलाना और जबकि हम अपने को विश्वगुरू कहते हैं!

**ऐसा लगता है कि पहले तय किया गया कि एआई का मानव बनाना है और फिर मानव की अंग्रेजी स्पेलिंग के अक्षरों के आधार पर कुछ शब्दों का चयन करके इसे ऐसे प्रस्तुत किया गया, जैसे कोई बड़ी दार्शनिक बात हो। ध्यान रहे अमेरिका के जिन टेक दिग्गजों ने 10 साल पहले एआई की कल्पना की थी और उसे मूर्त रूप दिया तो उनको कभी इस तरह के जुमले गढ़ने की जरुरत नहीं पड़ी। उन्होंने अपने विचार को धरातल पर उतारा। लेकिन भारत के पास एआई के क्षेत्र में देने के लिए नया कुछ नहीं है तो 'मानव का जुमला दे डाला।**

संसद के बजट सत्र में एक दिन राज्यसभा की कार्यवाही में कांग्रेस सांसद राजीव शुक्ला ने इस मामले में अच्छा कहा। राजीव शुक्ला ने कहा कि गुरू होने के लिए शिष्य की जरुरत होती है। लेकिन भारत के पास शिष्य कहां हैं? उन्होंने याद दिलाया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के साथ कई देश खड़े रहे लेकिन भारत के साथ एक भी देश खड़ा नहीं हुआ। यह कैसा विश्वगुरू देश है, जिसके साथ जरुरत पड़ने पर कोई देश खड़ा नहीं हो?

बहरहाल, जी राम जी, मानव, कर्मयोगी जैसे जुमलों की भारत में कमी नहीं है। प्रधानमंत्री ने अपने कार्यालय को तीर्थ बना लिया। अब पीएमओ का नाम सेवा तीर्थ है और वहां लिखा हुआ है, नागरिक देवो भव। यह मामूली बात है कि पांच किलो अनाज और पांच सौ रुपए का मासिक अनुदान पाने वाले नागरिक भी मोदीजी के भारत में देव का दर्जा रखते हैं।

# रिलीज से पहले धुरंधर 2 का भौकाल



रणवीर सिंह की धुरंधर 2 के लिए लोगों की एक्साइटमेंट पीक पर है. इसका अंदाजा आप इसी से लगा सकते है कि इसके 18 मार्च को होने वाले पेड प्रीव्यू शो के लिए ही धुआंधार एडवांस बुकिंग हो रही है. यहां तक कि महंगे टिकट भी हाथों हाथ बिक रहे हैं. चलिए यहां जान लेते है कि धुरंधर 2 ने फिलहाल पेड प्रीव्यू शो के लिए हो रही एडवांस बुकिंग में कितना कलेक्शन कर डाला है?

धुरंधर 2 के पिछले हफ्ते रिलीज हुए ट्रेलर के बाद से इसके पेड प्रीव्यू शोज की एडवांस बुकिंग शुरू हो गई थी. दिलचस्प बात ये है कि इसे प्री टिकट सेल में उम्मीद से कई गुना ज्यादा शानदार रिस्पॉन्स मिल रहा है. धुरंधरः द रिवेंज एक पैन–इंडिया फिल्म है, जो हिंदी, तेलुगु, तमिल, कन्नड़ और मलयालम में रिलीज हो रही है. बता दे कि फिल्म ने अब तक पूरे भारत में 8,337 शो के लिए 3.48 लाख टिकट बेचे हैं. सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, इसी के साथ ये फिल्म अब तक अपनी प्रीमियर एडवांस बुकिंग से 18.64 करोड़ कमा चुकी है. फिल्म ट्रैकर के मुताबिक, हिंदी (2डी) वर्जन में धुरंधर 2 7,951 शो में 3.23 लाख टिकट बेचकर सबसे ज्यादा 18.16 करोड़ की कमाई की है. वहीं हिंदी डॉल्बी सिनेमा फॉर्मेट ने 203 टिकट से 1.57 लाख और कमा लिए हैं. डब वर्जन की बात करें तो इसने तमिल (2डी) में 15,385 टिकटों से 23.58 लाख कमाए हैं.

### बॉक्स ऑफिस पर द केरल स्टोरी 2 का 12वें दिन बढ़ी कमाई

फिल्म 'द केरल स्टोरी 2 को रिलीज हुए 12 दिन हो चुके हैं लेकिन यह फिल्म अब तक 50 करोड़ रुपये की कुल कमाई भी नहीं कर सकी है। वहीं फिल्म 'अस्सीइ और 'ओ रोमियोइ की कमाई भी अब घटने लगी है। जानिए, मंगलवार को इन फिल्मों ने कितनी कमाई की है। सैकनिल्क के अनुसार फिल्म 'द केरल स्टोरी 2इ ने मंगलवार को 2.12 करोड़ रुपये कमाए हैं। जबकि सोमवार को इस फिल्म ने 1.95 करोड़ रुपये कमाए थे। फिल्म का कुल कलेक्शन भी अब तक 36.97 करोड़ रुपये है। मंगलवार को इस फिल्म के कलेक्शन में इजाफा हुआ है लेकिन अब तक यह 50 करोड़ रुपये का कुल कलेक्शन भी पार नहीं कर सकी। सैकनिल्क के अनुसार फिल्म 'अस्सीइ का कलेक्शन रिलीज के 19वें दिन सिर्फ 12 लाख रुपये हुआ। अठारहवें दिन भी इस फिल्म ने 12 लाख रुपये ही कमाए थे। 'अस्सीइ का कुल कलेक्शन भी अब तक 10.59 करोड़ रुपये हो चुका है। इस फिल्म का कलेक्शन लाखों में सिमट गया है। फिल्म 'ओ रोमियोइ को रिलीज हुए 26 दिन हो चुके हैं। शाहिद कपूर की इस फिल्म ने मंगलवार को 41 लाख रुपये कमाए हैं। जबकि सोमवार को इसका कलेक्शन 35 लाख रुपये था। फिल्म अब तक 100 करोड़ क्लब का हिस्सा भी नहीं बन सकी है।

# शुभमन गिल को मिलेगा क्रिकेटर ऑफ द ईयर सम्मान, राहुल द्रविड़ को भी बीसीसीआई करेगा सम्मानित

नईदिल्ली,भारत के वनडे और टेस्ट टीम के कप्तान शुभमन गिल को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की ओर से क्रिकेटर ऑफ द ईयर सम्मान मिलेगा। उनके साथ–साथ भारतीय टीम के पूर्व कप्तान और कोच राहुल द्रविड़ को कर्नल सीके नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट सम्मान से नवाजा जाएगा।

रिपोर्ट के मुताबिक, 15 मार्च को नई दिल्ली में बीसीसीआई की तरफ से एनुअल अवॉर्ड सेरेमनी का आयोजन होना है, जिसमें गिल और द्रविड़ सम्मानित होंगे। खबरों के मुताबिक, द्रविड़ और गिल के अलावा मुंबई के आयुष म्हात्रे को उनके प्रदर्शन के लिए घरेलू लिमिटेड ओवर क्रिकेट में बेस्ट ऑलराउंडर के लिए लाला अमरनाथ अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ–साथ बीसीसीआई भारत की पूर्व कप्तान मिताली राज को



लाइफटाइम अवॉर्ड देने पर भी विचार कर रहा है। इस बीच, मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन को घरेलू क्रिकेट में सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट एसोसिएशन के रूप में सम्मानित किया जाएगा। साल 2025 में गिल ने भारतीय टीम के लिए 9 टेस्ट मैच खेले और इसकी 16 पारियों में 70.21 की उम्दा औसत के साथ 983 रन बनाए थे। उनके बल्ले से 5 शतक और 1 अर्धशतक निकला। पिछले साल 11 वनडे पारियों में उन्होंने 49 की औसत से 490 रन बनाए थे, जिसमें 2 शतक और 2 अर्धशतक शामिल थे। टी–20 अंतरराष्ट्रीय में उन्होंने 15 पारियों में 24.25 की खराब औसत के साथ सिर्फ 291 रन बनाए थे। द्रविड़ ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में रनों का अम्बार लगाया था। अपने टेस्ट करियर में उन्होंने 13,288 रन और वनडे करियर में 10,889 रन बनाए थे। संन्यास लेने के बाद द्रविड़ को 2021 में रवि शास्त्री की जगह पर सीनियर भारतीय टीम का प्रमुख कोच बनाया गया था। उनके कोचिंग कार्यकाल में भारतीय टीम वनडे विश्व कप 2023 में ऑस्ट्रेलिया से हारकर उपविजेता रही थी। इसके बाद 2024 में खेले गए टी–20 विश्व कप में विजेता बनी थी। पूर्व महान बल्लेबाज मिताली का अंतरराष्ट्रीय करियर बेमिसाल रहा था। भारत के लिए 232 वनडे मैचों में 50.68 की औसत से 7,805 रन बनाए थे। इस बीच 125* रन के उच्च स्कोर के साथ उनके नाम 7 शतक और 64 अर्धशतक दर्ज हैं।

# पवन कल्याण की एक्शन फिल्म उस्ताद भगत सिंह की रिलीज डेट बदली

साउथ सिनेमा के स्टार पवन कल्याण की बहुप्रतीक्षित आगामी एक्शन फिल्म उस्ताद भगत सिंह की रिलीज डेट में बदलाव कर दिया गया है। फिल्म को पहले 26 मार्च को रिलीज किया जाना था, लेकिन अब इसे 19 मार्च को रिलीज किया जाएगा। यह जानकारी मेकर्स ने दी। प्रोडक्शन हाउस मैथ्री मूवी मेकर्स ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्टर पोस्ट किया और अपडेट शेयर की। उन्होंने लिखा, हमारी फिल्म उस्ताद भगत सिंह बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त सेलिब्रेशन के लिए एक हफ्ते पहले आ रही है। फिल्म उस्ताद भगत सिंह 19 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह पोस्ट देखने के बाद फैंस के बीच काफी उत्साह देखने को मिल रहा है।



फिल्म की कहानी, एक्शन सीक्वेंस और पवन कल्याण का दमदार परफॉर्मेंस देखने के लिए हर कोई बेताब है। हरीश शंकर द्वारा निर्देशित फिल्म 2016 की तमिल फिल्म थेरी की तमिल रीमेक बताई जा रही है। साल 2016 में एटली द्वारा निर्देशित फिल्म थेरी को दर्शकों की तरफ से शानदार प्रतिक्रिया मिली थी। इसने बॉक्स ऑफिस में जमकर कमाई भी की थी। इसे कई भाषाओं में डब भी किया गया था। हिंदी दर्शक भी इस फिल्म को देख चुके हैं।फिल्म उस्ताद भगत सिंह में पवन कल्याण के अपोजिट श्रीलीला नजर आएंगी। इसके अलावा, फिल्म में के.एस. रविकुमार, आशुतोष राणा, नवाब शाह, प्रथिबन, पवन कल्याण, राशि, अविनाश, गौतमी और नागा महेश भी नजर आएंगे।

### आईसीसी टूर्नामेंट का खिताब जीतने वाले सबसे उम्रदराज कप्तान

नईदिल्ली,हाल ही में सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में खेलते हुए भारतीय क्रिकेट टीम ने टी–20 विश्व कप 2026 का खिताब जीता। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में भारतीय टीम तीसरी बार विजेता बनी। इससे पहले 2007 और 2024 में भी भारत इस टूर्नामेंट में चैंपियन बना था। इसके साथ ही सूर्यकुमार आईसीसी टूर्नामेंट का खिताब जीतने वाले सबसे उम्रदराज कप्तानों की सूची में शुमार हुए। आइए इस सूची के बारे में जानते हैं।

इमरान खान आईसीसी ट्रॉफी जीतने वाले सबसे उम्रदराज कप्तान हैं। पूर्व ऑलराउंडर ने 39 साल और 172 दिन की उम्र में पाकिस्तान को 1992 वनडे विश्व कप का खिताब दिलाया था। फाइनल में पाकिस्तान ने इंग्लैंड को 22 रनों से हराकर अपना पहला और एकमात्र वनडे विश्व कप खिताब जीता था। इस आईसीसी ट्रॉफी के अलावा पाकिस्तान ने टी–20 विश्व कप और चैंपियंस ट्रॉफी भी जीती है। रोहित शर्मा अब आईसीसी ट्रॉफी जीतने वाले दूसरे सबसे उम्रदराज कप्तान हैं।

# आईपीएलः एक संस्करण में 900+ रन बनाने वाले इकलौते बल्लेबाज हैं विराट कोहली

नईदिल्ली,इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 की शुरुआत 28 मार्च को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच होने वाले मैच से होगी। आरसीबी पहली बार गत विजेता के तौर पर अपने अभियान की शुरुआत करेगी। आरसीबी के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली आगामी संस्करण में भी अपने नाम के अनुरूप प्रदर्शन करना चाहेंगे। इस बीच कोहली के आईपीएल करियर और उनके द्वारा बनाए रिकॉर्ड्स पर एक नजर डालते हैं।कोहली ने अब तक खेले 267 मैचों की 259 पारियों में 39.54 की औसत के साथ 8,661 रन बनाए हैं।



वह इस सीजन में आईपीएल इतिहास में 9,000 रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज बन सकते हैं। फिलहाल कोहली लीग में सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। रोहित शर्मा (7,046) लीग में सबसे अधिक रन बनाने के मामले में दूसरे स्थान पर हैं, जो कि कोहली से काफी पीछे हैं। कोहली ने आईपीएल 2016 में अविश्वसनीय प्रदर्शन करते हुए 973 रन बनाए थे। ये रन कोहली ने 16 मैचों में 81 की जबरदस्त औसत से अपने नाम किए थे। उनके अलावा किसी बल्लेबाज ने भी आईपीएल के एक संस्करण में 900 रन के आंकड़े को पार नहीं किया है। कोहली के सबसे करीब शुभमन गिल रहे हैं, जिन्होंने आईपीएल 2023 में 59.33 की औसत के साथ 890 रन अपने नाम किए थे।

## एक नजर

### नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को दिलाई शपथ

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : उत्तरांचल फैडरेशन ऑफ मिनिस्ट्रीयल सर्विसेज एसोसिएशन शाखा का शुक्रवार को शपथ ग्रहण आयोजित किया गया। इस दौरान नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने पद व गोपनीयता की शपथ ली। इस दौरान नवनियुक्त पदाधिकारियों ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली सहित कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं को प्राथमिकता के साथ समाधान करने का प्रयास किया जाएगा। सीएमओ कार्यालय के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष मुकेश बहुगुणा ने पौड़ी शाखा के जनपद अध्यक्ष सीताराम पोखरियाल, सचिव दीपक गोडियाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सौरभ नौटियाल, उपाध्यक्ष कमल धस्माना, कोषाध्यक्ष अंकित कठैत, संगठन मंत्री संजय सिंह, भावना नेगी, संयुक्त मंत्री प्राची बडोनी, कामनी रावत, संदीप भट्ट और विकास रावत को शपथ दिलाई। कार्यक्रम में सीएमओ डॉ. शिवमोहन शुक्ला, संजय नेगी, राकेश रावत, रेवती नंदन, अभिषेक, महेश गिरी, अंकित भट्ट, भवान सिंह, जसपाल रावत, एसएसी बड़थ्वाल आदि शामिल रहे।

### सोमवार को खुलेंगे गुलदार प्रभावित क्षेत्र के स्कूल

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी** : मुख्यालय से सटे घुड़दौड़ी क्षेत्र के बलमणा गांव में आदमखोर गुलदार की दहशत के चलते कोट ब्लॉक के तीन स्कूल अब सोमवार को खुलेंगे। बीईओ ने स्कूल बंद रखने के आदेश जारी किए हैं। स्कूल 12 मार्च से बंद है। बता दें कि बीते 10 मार्च को बलमणा गांव में शाम करीब छह बजे घर लौट रहे प्रकाश (47) को गुलदार ने मार डाला था। ग्राम प्रधान सपना पंवार ने बताया कि बीते बृहस्पतिवार को खड़ेत और बलमणा में गुलदार दिखाई दिया था। क्षेत्र में गुलदार की दहशत बनीं हुई है। वहीं बीईओ कोट भारती गैरोला ने बताया कि छात्रों की सुरक्षा के मद्देनजर गुलदार प्रभावित क्षेत्र के प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय जामलाखाल और प्राथमिक विद्यालय दालमी में शनिवार को भी अवकाश घोषित किया गया है। बताया कि बीते 12 मार्च से स्कूल बंद हैं। वहीं, गढ़वाल वन प्रभाग की एसडीओ आयशा बिष्ट ने बताया कि गुलदार फिलहाल कैमरा ट्रैप में दिखाई नहीं दे रहा है। टीमें दिन रात गश्त कर रही हैं। साथ ही बलमणा, नौल तोक और पोखरी गांव के आस पास 15 कैमरे और छह पिंजरे भी लगाए हैं। जबकि गुलदार को ट्रैंकुलाइज करने के लिए नरेंद्र नगर डिविजन से शूटर भीम सिंह और रुद्रप्रयाग डिविजन से शूटर बलदेव सिंह को गांव में तैनात किया गया है।

### स्वयं सेवियों के दांतों की जांच

श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि के बिड़ला परिसर श्रीनगर राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवें दिन स्वयं सेवियों के लिए दंत रोग स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। विजय डेंटल क्लीनिक श्रीनगर के विशेषज्ञों ने स्वयं सेवियों के दांतों की जांच कर कई जानकारियां दीं। डॉ. हरीश भट्ट ने स्वयं सेवियों को दवा दी। शिविर में आकाश रावत, रवींद्र सिंह नेगी आदि मौजूद रहे। एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनूप सेमवाल ने निःशुल्क शिविर के लिए डॉ. हरीश भट्ट व उनकी टीम का आभार व्यक्त किया। (एजेंसी)

### विवि कर्मचारी चौहान का किया सम्मान

श्रीनगर गढ़वाल : एचएनबी गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय के कर्मचारी पुष्कर सिंह चौहान का पूर्व प्रमुख दर्शन सिंह दानू एवं पूर्व छात्र संघ उपाध्यक्ष अनुराग चमोली ने विवि के चौरास परिसर स्थित शैक्षणिक क्रियाकलाप केंद्र में सम्मान किया। पूर्व प्रमुख दानू ने कहा कि विवि कर्मी पुष्कर छात्रों व कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के साथ ही सामाजिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाते हैं। कहा कि उनके इसी समर्पण, मेहनत और समाज के प्रति जिम्मेदारी को देखते हुए उनका सम्मान किया गया। सम्मान देने के लिए पुष्कर सिंह चौहान ने पूर्व प्रमुख दानू व चमोली का आभार व्यक्त किया। (एजेंसी)

### धरासू विद्युत गृह में मांगों पर ऊर्जा कर्मियों का प्रदर्शन

उत्तरकाशी। उत्तराखंड विद्युत अधिकारी कर्मचारी संयुक्त संघर्ष मोर्चा के निर्देशानुसार शुक्रवार को धरासू विद्युत गृह में अधिकारियों, कर्मचारियों व उपनल कर्मियों ने गेट मीटिंग कर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान ऊर्जा के तीनों निगम प्रबंधन को दिए गए 19 सूत्रीय मांगपत्र व जल विद्युत परियोजनाओं की भूमि अन्य व्यावसायिक कार्यों के लिए दिए जाने के विरोध में कर्मचारियों ने अपनी नाराजगी जताई। संघर्ष मोर्चा से जुड़े कर्मचारियों की ओर से विद्युत वितरण कंपनियों के निजीकरण के शासनादेश का भी विरोध किया गया।

# बदल रहा मौसम, सर्दी, जुकाम व बुखार के बढ़े मरीज

### बेस अस्पताल में लगातार बढ़ रही मरीजों की संख्या

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : पिछले कुछ दिन से मौसम में लगातार परिवर्तन देखने को मिल रहा है। दोपहर के समय तेज धूप आमजन को बीमार कर रही है। नतीजा, बेस अस्पताल के साथ ही निजी अस्पतालों में सर्दी-जुकाम व बुखार के मरीजों की संख्या में इजाफा हो गया है। वहीं, एलर्जिक दमा की शिकायतें भी बढ़ गई है। ऐसे में चिकित्सक मरीजों को स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहने की सलाह दे रहे हैं।

राजकीय बेस चिकित्सालय में पर्वतीय क्षेत्र सहित मैदानी क्षेत्र के लोग बड़ी संख्या में इलाज करवाने के लिए आते है। लेकिन, इन दिनों में मौसम में हो रहे बदलाव के चलते पेट दर्द, उल्टी दस्त सहित वायरल फीवर से संबधित मरीज आ रहे है। जिनमें से सबसे ज्यादा मरीज एलर्जिक दमा के मरीजों की है। वर्तमान में आम की बौर का सीजन चल रहा है, जिसके कारण लोगों में एलर्जिक दमा की शिकायतें आ रही है। गुरूवार को भी राजकीय बेस चिकित्सालय में हड्डी रोग, बाल रोग, नेत्र रोग, व नाक, कान, गला रोग विभाग की ओपीडी में भीड़ रही है। लेकिन, सबसे ज्यादा भीड़ फिजीशियन के ओपीडी में देखी गई, जहां पर लोग अपनी बारी का इंतजार करते हुए देखे गए। राजकीय बेस चिकित्सालय के वरिष्ठ फिजीशियन डा. जीसी ध्यानी ने कहा कि वर्तमान में वायरल फीवर सहित एलर्जिक दमा के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि एलर्जिक दमा की शिकायत होने पर मरीजों के गले में तेज दर्द होता है, जिससे सांस लेने में कठिनाई होती है। मरीजों को खांसी व जुकाम होने वे नाक बंद हो जाता है। उन्होंने लोगों को बदलते मौसम में स्वास्थ्य के प्रति सजगता बरतने की सलाह दी है।



कोटद्वार के राजकीय चिकित्सालय में उमड़ी मरीजों की भीड़

# हाईवे पर खराब हुआ पिकअप वाहन, घंटों लगा जाम

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : दुगड्डा बाजार से गुमखाल को जाने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक पिकअप वाहन खराब हो गया। बीच हाईवे पर खराब पड़े वाहन के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहनों का भारी जाम लगा हुआ है। इसके कारण दूर दराज क्षेत्र में जाने वाले यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

शुक्रवार दोपहर एक पिकअप वाहन दुगड्डा से गुमखाल की ओर जा रहा था। इसी दौरान दुगड्डा से आगे कुछ दूरी पर बीच हाईवे पर वाहन खराब हो गया। हाईवे के मध्य में वाहन रूकने से हाईवे के दोनों ओर लंबा जाम लगने लगा। दोपहिया वाहन तो आसानी से निकल जा रहे थे। लेकिन, बस सहित अन्य बड़े वाहनों को राष्ट्रीय राजमार्ग से आवागमन के लिए पर्याप्त मार्ग नहीं मिल पाया। जिसके कारण हाईवे पर करीब तीन घंटे तक लंबा जाम लगा हुआ था। चौंकाने वाली बात तो यह थी कि जाम दुगड्डा बाजार तक पहुंच गया था। पिकअप वाहन की मरम्मत होने के बाद ही हाईवे पर वाहनों का संचालन हुआ।



दुगड्डा बाजार से पांच सौ मीटर आगे हाईवे पर पिकअप वाहन खराब होने से लगा जाम

# घोड़ा पड़ाव पार्किंग को कथित तौर पर गुपचुप तरीके से ठेके पर दिए जाने का विरोध

उत्तरकाशी। यमुनोत्री धाम के प्रमुख पड़ाव स्थल जानकीचट्टी में घोड़ा पड़ाव पार्किंग की ऊपरी मंजिल को कथित तौर पर गुपचुप तरीके से ठेके पर दिए जाने की चर्चा से क्षेत्र के घोड़ा–खच्चर संचालकों और डंडी–कंडी मजदूरों में आक्रोश व्याप्त है। मजदूर यूनियन से जुड़े लोगों का कहना है कि पार्किंग को ठेके पर देने से मजदूरों को मजबूरन रास्तों पर खड़ा रहना पड़ेगा। उनका कहना है कि इससे यात्रा मार्ग पर अव्यवस्था फैलने के साथ ही जाम की स्थिति भी उत्पन्न हो सकती है, जिसका असर चारधाम यात्रा पर भी पड़ सकता है। मजदूरों के अनुसार जानकीचट्टी से यमुनोत्री धाम के बीच हजारों मजदूरों और घोड़ा–खच्चरों के ठहरने के लिए यही एक प्रमुख स्थान बनाया गया था। विशेष रूप से घोड़ा–खच्चर संचालकों और डंडी–कंडी मजदूरों के ठहराव की व्यवस्था इसी घोड़ा पड़ाव में की गई थी। मजदूर यूनियन से जुड़े मंगल सिंह, प्रमोद, विजयपाल, मुन्ना और स्थानीय निवासी प्रताप सिंह का कहना है कि यह निर्णय मजदूरों के अधिकारों पर कुठाराघात है। उन्होंने जिला प्रशासन और जिला पंचायत से इस फैसले पर पुनर्विचार करने की मांग की है। मजदूरों ने चेतावनी दी है कि यदि इस निर्णय को वापस नहीं लिया गया तो क्षेत्र के मजदूर और स्थानीय लोग आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

# दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का भव्य शुभारंभ

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार :डॉ पीतांबर दत्त बड़थ्वाल हिमालयन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोटद्वार में वाणिज्य विभाग द्वारा दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का भव्य शुभारंभ सरस्वती वंदना, माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन एवं सम्मानित अतिथियों के स्वागत, बैज अलंकरण, उत्तरीय वस्त्र एवं प्लांटर भेंट कर किया गया।

महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डी एस नेगी ने मुख्य अतिथि संयुक निदेशक, उच्च शिक्षा, प्रोफेसर आनंद सिंह उनियाल , विशिष्ट अतिथि सोमनाथ गर्ग, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र पौड़ी गढ़वाल, मुख्य वक्ता प्रो० कृष्ण कुमार वर्मा, एन टी पी सी बिजनेस स्कूल नोएडा से प्रो शिव रतन अग्रवाल, पूर्व प्राचार्य प्रोफेसर जानकी पंवार, प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय, कोटद्वार भाबर प्रो हरीश चंद्र, प्राचार्य राजकीय महाविद्याल चौबट्टाखाल प्रोफेसर मुरलीधर कुशवाह, प्रो ज्योति खरे, प्रो० वी के गुप्ता सहित सभी सम्मानित अतिथियों का स्वागत उद्बोधन कर वर्तमान सेमिनार के शीर्षक की उपयोगिता, आवश्यकता एवं महत्व को विस्तार पूर्वक बताया। उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि संयुक्त निदेशक, उच्च शिक्षा, प्रोफेसर आनंद सिंह उनियाल ने अपने संबोधन में सेमिनार की प्रासंगिकता पर विस्तार से चर्चा करते हुए महिला सशक्तिकरण एवं पलायन रोकने के उपायों पर जोर दिया। सेमिनार की समन्वयक प्रो प्रीति रानी ने अपने उद्बोधन में उपस्थित समस्त अतिथियों का आभार प्रकट करते हुऐ` उत्तराखंड की ग्रामीण महिलाओ के पलायन को रोकने के लिए किए जा रहे प्रयासों की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। आयोजन सचिव डॉ० अंशिका बंसल ने सेमिनार के टॉपिक पर विस्तार से चर्चा की।` मुख्य वक्ता प्रो कृष्ण कुमार वर्मा ने महिला सशक्तिकरण पर अपना प्रेजेंटेशन दिया, प्रो शिव रतन अग्रवाल ने महिला सशक्तिकरण एवं माइक्रो फाइनेंस विषय पर विस्तार से चर्चा की एवं जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक श्री सोमनाथ गर्ग ने उत्तराखंड की ग्रामीण महिलाओं के पलायन को रोकने के लिए किए जा रहे प्रयासों को तथ्यों तथा आंकड़ों` के साथ विस्तार पूर्वक वर्णित किया। प्रो जानकी पंवार ने भी अपने उद्बोधन में सेमिनार के शीर्षक की उपयोगिता पर प्रकाश डाला।

अंत में सभी सम्मानित अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किए। वाणिज्य विभाग के प्राध्यापक डॉ० एस० के० गुप्ता द्वारा आए हुए अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। मंच संचालन डॉ० रोशनी असवाल द्वारा किया गया। सेमिनार के सफल आयोजन में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों , शिक्षणेत्तर कर्मचारियों, रिसर्च स्कॉलर्स एवं एनसीसी कैडेटस ने विशेष सहयोग किया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डीएस नेगी की अध्यक्षता में सेमिनार का आयोजन किया गया।



# सड़क पर गोवंश का तांडव, व्यक्ति को किया घायल

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : भले ही नगर निगम सड़क पर आवारा घूम रहे गोवंश के संरक्षण के दावें कर रहा हो। लेकिन, हकीकत यह है कि आज भी सड़क पर गोवंश की तादात लगातार बढ़ती जा रही है। शुक्रवार को बालासौड़ रोड पर गोंवश ने एक व्यक्ति पर हमला कर दिया। घायल व्यक्ति को बेस अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

शहर में शायद ही कोई ऐसी सड़क हो जहां आपको आवारा गोवंश घूमते हुए न दिखाई दें। यह गोवंश आमजन के जीवन पर भारी पड़ रहे हैं। कुछ वर्ष पूर्व जहां शहर में गोवंश के हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी, वहीं, शुक्रवार को गोवश ने बालसौड़ रोड पर भी एक व्यक्ति पर हमला कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि व्यक्ति महेश डोबरियाल बालासौड़ रोड पर पैदल चल रहे थे। इसी दौरान इसी दौरान अचानक पीछे से एक सांड ने उन पर हमला किया और उन्हें सड़क पर पटक दिया। इससे पहले गोवंश सड़क पर पड़े महेश डोबरियाल पर दोबारा हमला करता आसपास मौजूद लोगों ने शोर मचाकर गोवंश को मौके से भगाया। घायल महेश डोबरियाल को 108 के माध्यम से राजकीय बेस चिकित्सालय कोटद्वार पहुंचाया गया। घटना से संबंधित वीडिया इंटरनेट मीडिया पर भी वायरल हो रहा है। स्थानीय लोगों ने सड़क पर लगातार बढ़ रही गोवंश की संख्या पर रोष व्यक्त किया है। कहा कि लगातार आश्वासन के बाद भी नगर निगम समस्या को लेकर लापरवाह बना हुआ है।



कोटद्वार बेस अस्पताल में भर्ती गोवंश के हमले में घायल व्यक्ति

### बस अड्डे पर यात्री सुविधाएं जुटाने की मांग

श्रीनगर गढ़वाल : चारधाम यात्रा के मुख्य पड़ाव और गढ़वाल के केंद्र बिंदु श्रीनगर में स्थित टीजीएमओयू बस अड्डे पर आज भी बुनियादी यात्री सुविधाएं उपलब्ध नहीं हो पाई हैं। बस अड्डे पर पेयजल, शौचालय, प्रतीक्षालय और यात्रियों के बैठने के लिए पर्याप्त शेड जैसी सुविधाओं का अभाव बना हुआ है। पास में ही शराब का ठेका है जिससे यहां पर महिलाओं की ओर से बस का इंतजार करना मुश्किल हो जाता है। बस अड्डे से प्रतिदिन टीजीएमओ की ओर से टिहरी, उत्तरकाशी, चंबा, मसूरी, ऋषिकेश, घनसाली आदि सहित अन्य ब्रांच रूटों पर बसों का संचालन किया जा रहा है। इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों के साथ ही चारधाम यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालु भी पहुंचते हैं, लेकिन सुविधाओं के अभाव में यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। खासकर बारिश और तेज धूप के समय यात्रियों को खुले में खड़े रहना पड़ता है।

# महिला की निजी फोटो वायरल करने की धमकी देने वाला गिरफ्तार



कोतवाली पुलिस के हत्थे चढ़ा आरोपी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : सोशल मीडिया में महिला की निजी फोटो वायरल करने व रूपयों की डिमांड करने वाले एक व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। व्यक्ति महिला को जान से मारने की भी धमकी दे रहा था।

मामले में महिला की ओर से पुलिस को तहरीर दी गई थी। जिसमें उन्होंने बताया था कि पिछले लंबे समय से विनय सैनी नामक एक व्यक्ति उन्हें फोन पर धमकी दे रहा है। बताया कि व्यक्ति ने उनकी फोटो को एडिट किया है और उन्हें सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दे रहा है, जिससे उनका मानसिक उत्पीड़न हो रहा है। यही नहीं, व्यक्ति ने उनसे डेढ़ लाख रुपये की भी डिमांड की है। साथ ही रकम नहीं देने पर जाम से मारने की धमकी दी गई है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रदीप नेगी ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु की गई। बताया कि मामले में उत्तर प्रदेश के जिला गौतम बुद्धनगर के अंतर्गत कुलेसरा निवासी विनय सैनी को उसके घर से गिरफ्तार किया गया।

# नशा नहीं बेहतर भविष्य चुनें युवा




आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : विद्यार्थियों को नशे जैसी सामाजिक बुराईयों से दूर रहकर बेहतर भविष्य पर ध्यान देना चाहिए। हमें समाज को नशा मुक्त बनाने के लिए अभियान चलाना होगा। इस दौरान विद्यार्थियों ने नशे से दूर रहने का भी संकल्प लिया।

शुक्रवार को राजकीय महाविद्यालय कण्वघाटी में राष्ट्रीय सेवा योजना व एंटी ड्रग्स सेल की ओर से शिक्षा ही नहीं संस्कार नशामुक्त उत्तराखंड चाहिए विषय पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता का शुभारंभ डू समथिंग के चेयरमैन प्रकाश चंद्र कोठारी, महासचिव रिपुदमन सिंह बिष्ट, मयंक प्रकाश कोठारी, दीपक कुकरेती, मनमोहन काला, विपिन जदली ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। वक्ताओं ने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहकर बेहतर भविष्य बनाने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय के प्राचार्य हरीश चंद्र व विमल कुकरेती ने बताया कि बच्चों को नशे से दूर रखने के लिए समय-समय पर महाविद्यालय में अभियान चलाया जाता है।

इसके उपरांत आयोजित भाषण प्रतियोगिता में कुमकुम भरद्वाज, अंशिका बिष्ट, तनीषा ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान डू समथिंग सोसाइटी ने महाविद्यालय के माता-पिताविहीन विद्यार्थियों को आर्थिक सहायता भी प्रदान की। इस मौके पर कार्यक्रम अधिकारी डा. गीता रावत शाह, डा. अनुराग शर्मा, विमल कुकरेती, दिवाकर, इंदु मलिक, भरत सिंह रावत, सुशील पटवाल, जयदीप सिंह, आशुतोष रावत, सनी नेगी, पवन कुमार, रविंद सिंह, सुमन नेगी, रोहन वेद आदि मौजूद रहे।

### पंतनगर कृषि कुंभ में आधुनिक खेती के गुर सीखेंगे 52 किसान

उत्तरकाशी। जनपद के किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों और वैज्ञानिक पद्धतियों से परिचित कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने शुक्रवार को 52 प्रगतिशील किसानों के दल को हरी झंडी दिखाकर पंतनगर के लिए रवाना किया। यह दल ऊधमसिंह नगर स्थित पंतनगर में आयोजित अखिल भारतीय किसान मेला एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी में प्रतिभाग करेगा। 13 मार्च से 16 मार्च तक आयोजित होने वाले इस मेले में किसान आधुनिक खेती के विभिन्न आयामों, उन्नत बीजों, कृषि यंत्रों और नई तकनीकों की जानकारी प्राप्त करेंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि खेती में नवाचार समय की आवश्यकता है। ऐसे भ्रमण कार्यक्रम किसानों को नई तकनीकों से जोड़ने और उत्पादन बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# एसटीएफ करेगी जितेंद्र आत्महत्या मामले की जांच

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी** : जनपद के तलसारी गांव निवासी जितेंद्र कुमार आत्महत्या मामले की जांच अब स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) को सौंप दी गई है। इस मामले की जांच कोतवाली पुलिस कर रही थी। इस मामले में पुलिस ने बीते वर्ष पांच लोगों को गिरफ्तार किया था। बाद में अदालत से जमानत मिलने पर सभी आरोपी फिलहाल जमानत पर बाहर हैं। घटना के करीब छह माह 20 दिन बाद अब इस प्रकरण की जांच एसटीएफ को हस्तांतरित कर दी गई है।

बता दें कि बीते वर्ष 21 अगस्त की सुबह करीब चार बजे तलसारी गांव निवासी जितेंद्र कुमार ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी। आत्महत्या से पहले उसने अपने फेसबुक पेज पर एक वीडियो अपलोड किया था, जिसमें उसने भाजयुमो नेता सहित कुछ लोगों पर पैसे हड़पने का आरोप लगाते हुए उन्हें अपनी मौत के लिए जिम्मेदार ठहराया था। मामले में मृतक के पिता सतीश कुमार की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने भाजयुमो नेता हिमांशु चमोली सहित पांच लोगों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 22 अगस्त को भाजयुमो नेता को गिरफ्तार किया था, जबकि चार अन्य आरोपियों शुभम खंडूड़ी, गौरव कांबोज, विकास शाह व अभिषेक गैरोला को 25 अगस्त को गिरफ्तार किया गया था। प्रकरण में मृतक की मां, बहन व चाचा ने पांचों आरोपियों पर अनुसूचित जाति का होने को लेकर जितेंद्र का उत्पीड़न किए जाने का आरोप लगाया था। जिसके बाद मामले की जांच सीओ सदर सौंपी गई थी। सीओ सदर ने बताया कि जितेंद्र कुमार आत्महत्या प्रकरण की आगे की जांच अब एसटीएफ करेगी।


उत्तर रेलवे

निविदा आमंत्रण सूचना

| | |
|---|---|
| विभाग | Electrical (TRD) |
| टेंडर नं | T-23-TRD-MB-25-26 |
| कार्य का नाम | कैंटिलीवर व्यवस्थाओं पर पक्षी–रोधी डिस्क लगाकर सिस्टम की विश्वसनीयता में सुधार करना। |
| निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक एवं समय | 03.04.2026, 15:00 Hrs |
| कार्य की अनुमानित लागत | Rs 2,76,91,889.25/- (Including GST@18%) |
| बिड सिक्यूरिटी राशि | Rs. 2,88,500/- |
| निविदा प्रपत्र मूल्य | NIL |
| ऑफर की वैधता (दिन) | 60 Days |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 06 Months |
| वेबसाइट एवं कार्यालय का पता | www.ireps.gov.in Divisional Railway Manager's Office, Northern Railway, Moradabad. |

निविदा सूचना सं.: Elect/TRD/MB/2025-26/TN-24 दिनांक: 12.03.2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 843/26



उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/प्रथम द्वारा ई-टेन्डर जिनके बन्द होने की तिथि प्रत्येक निविदा के सामने अंकित है। निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते हैं जो उसी दिन 16.00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमान्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| टेन्डर संख्या दिनांक | 322-DRM-MB-25-26 12.03.2026 | 323-DRM-MB-25-26 12.03.2026 | 324-DRM-MB-25-26 12.03.2026 |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | Provision of PQRS depot at HRW station in the section of ADEN/HW. | Improvement of water supply arrangement, drainage/ sewerage system and consequent improvement to colonies quarter at Haridwar under Sr. DEN/I/MB | Improvement of water supply arrangement, drainage / sewerage system and consequent improvement to colonies quarter at Athal, Pathri, Ikkar, Jwalapur & Laksar etc. railway station under Sr. DEN/I/MB |
| निविदा का प्रकार | Works | Works | Works |
| निविदा की कीमत | Nil | Nil | Nil |
| अनुमानित लागत (रु.) | 19,08,383.59 | 4,57,23,253.81 | 4,57,24,522.55 |
| धरोहर राशि (रु.) | 38,200.00 | 3,78,600.00 | 3,78,600.00 |
| टेन्डर क्लोजिंग दिनांक/समय | 09.04.2026, 16:00 | 09.04.2026, 16:00 | 09.04.2026, 16:00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 26.03.2026 | 26.03.2026 | 26.03.2026 |
| आफर की वैधता | 60 Days | 60 Days | 60 Days |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 Months | 06 Months | 06 Months |

सं.: 74-W/2/3/WA/Publication दिनांक: 12.03.2026 848/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## संक्षिप्त समाचार

### नागराजाधार मोड़ पर दो कार आपस में टकराई

नई टिहरी। भवान–नगुण सड़क पर नागराजाधार मोड़ के किनारे बने जल संस्थान के पेयजल टैंक के समीप बृहस्पतिवार शाम को दो कारों की आमने–समाने टक्कर हो गई, जिससे कारों के आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है। गनीमत रही किसी भी कार सवार को चोट नहीं आई। नगुण–भवान नागराजा धार मोटर मार्ग विकास समिति के अध्यक्ष जयेंद्र पडियार ने बताया कि उक्त स्थान पर घुमावदार मोड़ होने के साथ पास ही पेयजल टैंक बना है,जिससे सामने से आने वाला वाहन दिखाई नहीं देता है। पेयजल टैंक के कारण यहां पर समय दुर्घटना का भय बना रहता है। बताया संदीप नौटियाल, ग्राम प्रधान सुमन बाला, गुलाब सिंह राणा के साथ उन्होंने जल संस्थान नई टिहरी के ईई को पत्र भेजकर पेयजल टैंक को दूसरी जगह बनने की मांग की है।

### रसोई गैस की किल्लत और बढ़ती महंगाई पर महिला कांग्रेस का विरोध

नई टिहरी। महिला कांग्रेस ने रसोई गैस की किल्लत और बढ़ती महंगाई के खिलाफ विरोध जताया। उन्होंने बौराड़ी गांधी आश्रम के परिसर में लकड़ियों में खाना पकाकर अपना विरोध जताया। कांग्रेस पार्टी की महिला जिलाध्यक्ष आशा रावत ने कहा कि भाजपा की नीतियों से देश की जनता परेशान हैं। पहले से जनता महंगाई से परेशान हैं। रसोई गैस के बढ़ते दामों और किल्लत से लोगों को गैस सिलिंडर लेने के लिए दिनभर लाइन में खड़ा रहना पड़ रहा है। कहा कि मोदी सरकार के कार्यकाल में देश की जनता पहले नोट बंदी, फिर कोरोना काल में ऑक्सीजन सिलिंडर और अब गैस सिलिंडर के लिए लाइन में लगना पड़ रहा है। कहा कि प्रधानमंत्री अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप के दबाव में फैसला ले रहे हैं। कहा कि प्रधानमंत्री को देश की जनता को बताना चाहिए, कि देश में पेट्रोलियम पदार्थों का कितना स्टॉक है। इस मौके पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष सीमा कृषाली, अनिता शाह, शगुफ्ता प्रवीन, लक्ष्मी रावत आदि मौजूद थे।

### एनएसएस का सात दिवसीय विशेष शिविर शुरू

रुद्रप्रयाग। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अगस्त्यमुनि की एनएसएस इकाई की ओर से सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ प्राथमिक विद्यालय सौड़ी सिद्धनगर अगस्त्यमुनि में किया गया। प्राचार्य प्रो. केसी दुदपुड़ी ने स्वयंसेवियों से कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र–छात्राओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने की प्रेरणा देती है। इसके माध्यम से युवाओं में देश सेवा, समर्पण, सामाजिक उत्थान और व्यक्तित्व विकास की भावना विकसित होती है। राष्ट्रीय सेवा योजना के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विष्णु कुमार शर्मा ने कहा कि शिविर स्वयंसेवियों को एक साथ रहकर एक–दूसरे के विचारों, भावनाओं और अच्छी आदतों से सीखने का अवसर प्रदान करता है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. तनुजा मौर्य ने कहा कि शिविर के माध्यम से नए मित्र बनाकर सामूहिकता और अनुशासन के साथ आगे बढ़ना चाहिए, क्योंकि संगठन में ही शक्ति निहित होती है।

### घोलतीर के पास हाईवे पर पलटी कार, चालक चोटिल

रुद्रप्रयाग। घोलतीर के पास बदरीनाथ हाईवे पर एक कार अनियंत्रित होकर पलट गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और वाहन में फंसे चालक को सुरक्षित बाहर निकाला। हादसे में चालक को मामूली चोटें आई हैं। शुक्रवार सुबह करीब साढ़े 10 बजे ऋषिकेश से नारायणबगड़ (चमोली) जा रही एक कार घोलतीर चौकी से थोड़ी दूर बदरीनाथ हाईवे पर अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। घटना की सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी घोलतीर जयवीर सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और वाहन में फंसे चालक राजेन्द्र सिंह बिष्ट निवासी सिलोडी नारायणबगड़ को बाहर निकाला। चौकी प्रभारी घोलतीर जयवीर सिंह ने बताया कि घटना में चालक को मामूली चोटें आई हैं। उनका प्राथमिक उपचार किया गया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहन को क्रेन की सहायता से हटाया।

### पशु उपचार केंद्र जल्द हटाने की मांग

रुद्रप्रयाग। राइंका फाटा के छात्रावास में संचालित अस्थायी पशु उपचार केंद्र को अन्यत्र शिफ्ट करने की मांग के लिए जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों का क्रमिक अनशन चौथे दिन भी जारी रहा। क्रमिक अनशन के तीसरे दिन बृहस्पतिवार देर शाम को एडीएम श्याम सिंह राणा, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी और तहसीलदार उखीमठ रमेश चंद्र वार्ता के लिए अनशन स्थल पहुंचे।

# 45 लाख की गांजा के साथ दो तस्कर गिरफ्तार



**जयन्त प्रतिनिधि।**

लैंसडौन : उत्तराखण्ड को नशामुक्त बनाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे ड्रग्स फ्री देवभूमि अभियान के अंतर्गत जनपद पुलिस लगातार सक्रिय और सतर्क होकर कार्यवाही कर रही है। लैंसडौन पुलिस ने 45 लाख की 89.81 किलोग्राम गांजा के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा इस अवैध तस्करी से जुड़े हुए सभी संभावित व्यक्तियों के संबंध में भी महत्वपूर्ण जानकारी एकत्रित की जा रही है, जिससे इस अवैध नेटवर्क में संलिप्त सभी व्यक्तियों के विरुद्ध प्रभावी एवं कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

अपर पुलिस अधीक्षक कोटद्वार मनोज कुमार ठाकुर एवं क्षेत्राधिकारी कोटद्वार श्रीमती निहारिका सेमवाल के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक लैंसडौन रमेश तनवर व प्रभारी सीआईयू रणजीत तोमर के नेतृत्व में टीम द्वारा थाना क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी दौरान एक वाहन को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान वाहन संख्या यूके 07 एपी 3513 से 59.39 किलोग्राम एवं वाहन संख्या यूपी 16 पीसी 0036 से 30.42 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। उक्त दोनों वाहन चालकों के पास से कुल 89.81 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। मादक पदार्थ गांजा परिवहन करते पाए जाने पर पुलिस टीम द्वारा दोनों अभियुक्तों को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया तथा तस्करी में प्रयुक्त वाहनों को भी मौके पर सीज कर लिया गया। प्रभारी निरीक्षक लैंसडौन रमेश तनवर ने बताया कि मामले में वाहन चालक यशवंत सिंह, लव कुमार के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्तगण से की गई पूछताछ में बताया गया कि उनके कब्जे से बरामद उक्त गांजा महिपाल निवासी रतूपुरा ठाकुर, मुरादाबाद के कहने पर लाया जा रहा था, जिसे जगत निवासी मंगरू, पौड़ी गढ़वाल एवं रब्बू निवासी सरायखेत अल्मोड़ा से खरीदकर महिपाल उपरोक्त को देने के लिए ले जा रहे थे।



## विधिक सेवा शिविर में दी गई कानूनों की जानकारी

जयन्त प्रतिनिधि। सतपुली : जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पौड़ी के दिशा निर्देशन पर सीला बांघाट गांव मे विधिक शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सिविल जज जूनियर डिवीजन सतपुली सुश्री नेहा ने ग्रामीणों को जागरूक किया। उन्होंने नालसा, सालसा, डालसा की योजनाओं की जानकारी दी। कहा कि कोई भी व्यक्ति कानूनी जानकारी के अभाव में न्याय पाने से वंचित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने अपील की कि सभी माता–पिता अपने बच्चों को अच्छे संस्कार दें। इस अवसर पर विधिक सेवा, विधिक सहायता, साइबर क्राइम की जानकारी दी गई। थाना प्रभारी सतपुली दिनेश कुमार ने सड़क सुरक्षा नियम, डिजिटल अरेस्टिंग, नशा आदि के विषय में ग्रामीणों को जागरूक किया। इस शिविर का संचालन पीएलबी सतपुली पुष्पेंद्र राणा ने किया। ग्राम प्रधान पूरन चंद काला को वाद मुक्त प्रमाण पत्र सिविल जज सुश्री नेहा द्वारा सौंपा गया।

## गढ़वाली फिल्म मां सुरकंडा का हुआ उद्घाटन

नई टिहरी। बौराड़ी त्रिहरी सिनेमा हॉल में धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व की गढ़वाली फीचर फिल्म मां सुरकंडा फिल्म का उद्घाटन किया गया है।

फिल्म में चंबा ब्लॉक के जड़धार गांव के लोगों को मां सुरकंडा के मैती बनने की गाथा, हरिद्वार कनखल स्थित मायके में माता सती का अपमान और मंदिर स्थापना सहित सुरकंडा देवी की महिमा के कई ऐतिहासिक दृश्य फिल्माए गए हैं। जिससे लोगों ने इस फिल्म को खूब पसंद किया है।

नगर पालिका में स्थित त्रिहरी सिनेमा हॉल में जिला पंचायत अध्यक्ष इशिता सजवाण और नगर पालिकाध्यक्ष मोहन सिंह रावत ने फिल्म का उद्घाटन किया। पीआर फिल्मस प्रोडक्शन के बैनर तले अशोक चौहान के निर्देशन में बनी है। इसके निर्माता प्रेम सिंह और राजेंद्र प्रसाद भट्ट हैं। फिल्म में मां सुरकंडा से जुड़ी कई धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व की विस्तृत जानकारी दी गई है। फिल्म के लेखक व गीतकार पदम गुसाईं, संगीत संजय कुमोला,विनोद चौहान, सुमित गुसाईं, गायक नरेंद्र सिंह नेगी, प्रीतम भरतवाण, ओम बधाणी, पदम गुसाईं, रवि गुसाईं, पूनम सती, अंजली खरे, रेणू बाला, पूनम सकलानी, प्रोडक्शन मैनेजर संदीप असवाल, फोटो ग्राफी सोनू वर्मा, पोस्टर डिजाइन आशु राणा ने किया है। इस मौके पर पूर्व विधायक धन सिंह नेगी, बीज बचाओ आंदोलन के प्रणेता विजय जड़धारी, कवि सोमवारी लाल सकलानी, बेबी असवाल और यशपाल नेगी आदि मौजूद थे।

### गैस सिलिंडर के लिए घंटों इंतजार के बाद खाली हाथ लौटे

नई टिहरी। घनसाली गैस गोदाम में भी सुबह से ही भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। कई घंटों तक लाइन में खड़े रहने के बाद पता चला कि गैस नहीं मिलेगी। इस पर लोगों ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि स्पष्ट जानकारी नहीं मिलने से उन्हें रोज एजेंसी के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। लंबे इंतजार के बाद भी लोगों को खाली लौटना पड़ रहा है। लोगों ने कहा कि जब रसोई गैस की कोई किल्लत नहीं है, तो पहले की तरह होम डिलीवरी क्यों नहीं दी जा रही है। उन्होंने रसोई गैस आपूर्ति नियमित कराने की मांग की है। इस बावत एसडीएम अलकेश नौडियाल ने कहा कि घरेलू सिलिंडरों की कोई कमी नहीं है। व्यावसायिक गैस की आपूर्ति पर फिलहाल रोक लगाई गई है। पूर्ति निरीक्षक अमित भंडारी ने कहा कि आज शनिवार के लिए डिमांड भेजी गई है। सप्लाई समय पर मिल गई तो पहले की तरह ही गैस वितरित की जाएगी।

रसोई गैस की सप्लाई पहले की तरह आ रही है। सिलिंडर लेकर गोदाम पहुंचने से होम डिलीवरी नहीं कर पा रहे हैं। सभी रसोई गैस उपभोक्ता दिए गए नंबर पर ऑन लाइन और ऑफिस में जाकर ऑफ लाइन भी बुक कर सकते हैं। उसके बाद होम डिलीवरी दी जाएगी।

## महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए किया प्रेरित

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार में वाणिज्य विभाग की ओर से एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया गया।



दो दिवसीय सेमिनार का शुभारंभ सरस्वती वंदना से किया गया। कार्यशाला में वक्ताओं ने कहा कि महिलाओं को जीवन में आगे बढ़ना चाहिए। कहा कि आज महिलाएं देश के सर्वोच्च पदों पर पहुंचकर देश की सेवा में अपना योगदान दे रही है। ऐसे में महिलाओं को आत्मनिर्भर बन पहाड़ से हो रहे पलायन को रोकने में भी अपना योगदान देना चाहिए। इस मौके पर कार्यशाला के मुख्य अतिथि संयुक निदेशक, उच्च शिक्षा, प्रोफेसर आनंद सिंह उनियाल, विशिष्ट अतिथि सोमनाथ गर्ग महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र पौड़ी गढ़वाल, मुख्य वक्ता प्रो. कृष्ण कुमार वर्मा, एनटीपीसी बिजनेस स्कूल नोएडा से प्रो. शिव रतन अग्रवाल, पूर्व प्राचार्य प्रो. जानकी पंवार, प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय, कोटद्वार भाबर प्रो. हरीश चंद्र, प्राचार्य राजकीय महाविद्याल चौबट्टाखाल प्रो. मुरलीधर कुशवाह, प्रो. ज्योति खरे, प्रो. वी.के गुप्ता प्रीति रानी, अरविंद दुदपुडी, डा. अंशिका बंसल आदि मौजूद रहे।

## किसानों की फसल बचाने को केंद्र से मिले 25 करोड़

### सरकार के प्रयास लाए रंग, घेरबाड़ योजना में फिर से शुरू हुई केंद्र की मदद

**जयन्त प्रतिनिधि।**



देहरादून : जंगली जानवरों से किसानों की फसल बचाने के लिए राज्य सरकार के प्रयास रंग लाए हैं। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की बातचीत के बाद घेर-बाड़ योजना के लिए केंद्रीय मदद एक बार फिर से मिलनी शुरू हो गई है। इस क्रम में केंद्रीय कृषि मंत्रालय ने 25 करोड़ रूपये की सहायता उत्तराखंड के लिए मंजूर की है।

उत्तराखंड में जंगली जानवरों से किसानों की फसल को नुकसान पहुंच रहा है। इसकी रोकथाम के लिए राज्य सरकार ने घेर बाड़ योजना शुरू की है। तीन वर्ष पहले तक राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत केंद्रीय कृषि मंत्रालय के स्तर पर आर्थिक सहयोग किया जा रहा था। मगर बाद में केंद्रीय सहायता बंद हो गई। किसानों की समस्या को देखते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर जिला योजना से घेरबाड़ के लिए मदद उपलब्ध कराई गई। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी इस योजना में केंद्रीय मदद प्राप्त करने के लिए लगातार प्रयासरत थे। विधानसभा के बजट सत्र के पांचवें दिन शुक्रवार को कृषि मंत्री गणेश जोशी ने घेर बाड़ योजना के लिए केंद्रीय कृषि मंत्रालय से 25 करोड़ की स्वीकृति मिलने की जानकारी सदन में दी। उन्होंने बताया कि पिछले दिनों गौचर में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के सामने सरकार ने इस विषय को रखा था। अब इस संबंध में केंद्रीय कृषि मंत्रालय के स्तर पर 25 करोड़ की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। इस संबंध में मंत्रालय का पत्र विभाग को प्राप्त हो गया है।

**तीन वर्षों में 2841 हेक्टेयर जमीन की घेरबाड़**

राज्य सरकार ने सदन में जानकारी दी कि पिछले तीन वर्षों में जिला योजना से 2841 हेक्टेयर जमीन की घेर बाड़ कराई गई है। इस क्रम में 44 हजार 429 किसान लाभान्वित हुए हैं। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने सदन में कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस संबंध में संवेदनशीलता दिखाई है। इस बार के बजट में घेर बाड़ योजना के लिए दस करोड़ का प्रावधान किया गया है।

### एलपीजी व पेट्रोल की कमी होने पर लकड़ी उपलब्ध कराएं : डीएम

रुद्रप्रयाग। आगामी चारधाम यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना और पेट्रोल व एलपीजी में संभावित कमी को देखते हुए जिलाधिकारी विशाल मिश्रा ने जिला कार्यालय सभागार में वन विभाग, वन निगम के अधिकारियों और होटल एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर वैकल्पिक व्यवस्थाओं पर चर्चा की। जिलाधिकारी ने कहा कि एलपीजी की कमी होने की स्थिति में होटल और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठान इंडक्शन चूल्हों का उपयोग कर सकते हैं। आवश्यकता पड़ने पर कोयला और लकड़ी को भी वैकल्पिक ईंधन के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है। जिलाधिकारी ने वन विभाग और वन निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जरूरत पड़ने पर होटल एसोसिएशन को नियमानुसार लकड़ी उपलब्ध कराएं।

## केदारघाटी क्षेत्र में दो सप्ताह से नहीं पहुंची गैस, अगस्त्यमुनि में लगी रही लाइन

रुद्रप्रयाग। केदारघाटी क्षेत्र में करीब दो सप्ताह से इंडेन गैस का सप्लाई वाहन नहीं पहुंचने से उपभोक्ताओं में नाराजगी है। ग्रामीणों का कहना है कि इन दिनों देश में गैस संकट की चर्चाओं के बीच दूरदराज के पहाड़ी क्षेत्रों में लोग पहले से ही चिंतित हैं। ऐसे में दो सप्ताह से गैस सप्लाई न पहुंचने से उपभोक्ताओं की दिक्कतें बढ़ गई हैं। वहीं अगस्त्यमुनि स्थित आनंद इंडेन गैस एजेंसी में गैस सिलिंडर लेने के लिए लोगों की लाइन लगी रही। केदारघाटी के फाटा गांव के जगत सिंह रमोला और अशोक सेमवाल ने बताया कि पहले इंडेन गैस की सप्लाई तय समय पर हो जाती थी लेकिन पिछले दो हफ्तों से वाहन नहीं पहुंचा है। उन्होंने गैस की आपूर्ति पूर्व की तरह नियमित करने की मांग की है। इधर जखोली विकासखंड के अंतर्गत जैली, कंडाली,



मुसडुंग कुमड़ी, बुडोली आदि गांवों में भी विगत दो माह से रुद्रप्रयाग एजेंसी की गैस नहीं पहुंची है। वहीं अगस्त्यमुनि एजेंसी की ओर से भी फरवरी में इन क्षेत्रों में सिलिंडर नहीं बांटे गए हैं। ग्रामीण राकेश सिंह ने बताया कि लंबे समय से गैस न आने के कारण सिलिंडर खाली हैं। वहीं अगस्त्यमुनि स्थित आनंद इंडेन गैस एजेंसी में शुक्रवार को गैस सिलिंडर लेने के लिए उपभोक्ताओं की लाइन लगी रही। उन्हें गैस के लिए घंटों इंतजार करना पड़ा। एजेंसी प्रबंधक रॉबिन चौधरी ने बताया कि पंजीकृत मोबाइल नंबर पर ओटीपी के बाद ही नकद भुगतान लेकर सिलिंडर दिया जा रहा है। एजेंसी की ओर से फिलहाल घरेलू सिलेंडर ही उपलब्ध कराए जा रहे हैं। वहीं कमर्शियल सिलिंडर नहीं हैं। उपभोक्ता आनंद प्रकाश बछेती ने बताया कि पहले गैस सिलेंडर की कीमत 888.50 रुपये थी जो अब बढ़कर 948.50 रुपये हो गई है जिससे आम उपभोक्ताओं पर आर्थिक बोझ बढ़ा है। वहीं कई उपभोक्ताओं ने ओटीपी में देरी और ई–केवाईसी न होने के कारण गैस लेने में दिक्कत आने की बात भी कही। इधर एजेंसी की ओर से शुक्रवार को तिमली, चाका, जखनियाल गांव, बेड़ासारी गांव में भी गैस सिलिंडरों का वितरण किया गया।

## नाबालिग को भगा ले जाने के आरोप में चार साल की सजा

नई टिहरी। विशेष न्यायाधीश (पोक्सो) की अदालत ने नाबालिग को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के आरोपी को चार साल का कारावास और 10 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड नहीं भरने पर आरोपी को तीन माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना पड़ेगा। राज्य सरकार द्वारा पीड़िता को प्रतिकर के रूप में एक लाख रुपये देने के आदेश दिए गए हैं। घनसाली पुलिस थाने में पीड़िता की मां की ओर से सात अप्रैल 2023 को आरोपी राजाराम निवासी ल्वारखा प्रतापनगर के विरुद्ध तहरीर दी गई थी। जिसमें बताया कि उसकी 17 साल की पुत्री सुबह आठ बजे घर से बोर्ड परीक्षा देने निकली थी। लेकिन देर सायं तक घर वह नहीं लौटी। बेटी के घर नहीं लौटने पर रिश्तेदारों से लेकर आसपास तलाश करने पर भी उसका कुछ पता नहीं चल पाय। पुलिस ने तहरीर लेकर अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर नाबालिग की तलाश शुरू की। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने नाबालिग को आरोपी के साथ 21 अप्रैल को ग्राम ल्वारखा से बरामद किया। पुलिस ने आरोपी का मेडिकल परीक्षण कर जेल भेजा। बताया कि इस बीच आरोपी ने पीड़िता के साथ क्षेत्र के एक मंदिर में शादी कर उसे उत्तरकाशी ले गया।

### नदी से हो रहे भू–कटाव से हवा में झूल रहे बिजली के पोल

चमोली। नंदप्रयाग से नंदानगर क्षेत्र के लिए गुजर रही 33 केवी की बिजली लाइन के पोल हवा में झूल रहे हैं। नंदाकिनी नदी से हो रहे भूकटाव से दो जगहों पर विद्युत पोल बिजली लाइन सहित हवा में झूल रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि ऊर्जा निगम के अधिकारियों को कई बार अवगत कराने पर भी लाइन को बदला नहीं जा रहा है। इससे कभी भी क्षेत्र में बड़ी अनहोनी हो सकती है। सब स्टेशन से निकल रही इस विद्युत लाइन से नंदाकिनी नदी के किनारे से होते हुए नंदानगर क्षेत्र के गांवों में बिजली सप्लाई की जाती है। नंदाकिनी नदी के किनारे भूकटाव होने से दो जगहों पर बिजली के पोल के नीचे से जमीन खिसक गई है।

## गैस की कालाबाजारी और जमाखोरी पर सख्ती, क्यूआरटी रखेगी नजर

अल्मोड़ा। जिलाधिकारी अंशुल सिंह ने घरेलू गैस की कालाबाजारी और जमाखोरी पर प्रभावी रोक लगाने के लिए अधिकारियों को नियमित निरीक्षण और चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं।



उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर अनियमितता या शिकायत मिलने पर संबंधित के खिलाफ कड़ी वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने क्विक रिस्पांस दलों के प्रभारियों उपजिलाधिकारियों के साथ गैस आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में जनपद में घरेलू गैस की आपूर्ति व्यवस्था सुचारु बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसके लिए सभी अधिकारी अपने–अपने क्षेत्रों में लगातार निगरानी रखें और यह सुनिश्चित करें कि आम जनता को निर्धारित दरों और तय समयांतराल पर गैस उपलब्ध हो। जिलाधिकारी ने बताया कि गैस वितरकों और एजेंसियों को भी प्रशासन द्वारा तय व्यवस्था का पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने जनता से अपील की कि अफवाहों पर ध्यान न दें और निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार ही अपना रिफिल सिलेंडर प्राप्त करें। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने राजस्व वादों के निस्तारण की भी समीक्षा की और सभी उपजिलाधिकारियों को लंबित वादों के निपटान में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समयबद्ध तरीके से राजस्व वादों का निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि नागरिकों को न्याय के लिए अनावश्यक प्रतीक्षा न करनी पड़े। बैठक में अपर जिलाधिकारी युक्ता मिश्र और उपजिलाधिकारी सदर संजय कुमार सहित अन्य उपजिलाधिकारी वर्चुअल माध्यम से शामिल रहे।

## ऋषिकेश में आरवीएनएल परियोजना स्थल देखने पहुँचा ओडिशा का मीडिया प्रतिनिधिमंडल

देहरादून। शुक्रवार को ओडिशा के मीडिया प्रतिनिधिमंडल ने ऋषिकेश में रेल विकास निगम लिमिटेड (आरवीएनएल) की प्रोजेक्ट साइट का दौरा किया। यह प्रेस टूर भारत सरकार के सूचना और प्रसारण मंत्रालय के तहत, प्रेस इन्फॉर्मेशन ब्यूरो (पीआईबी), भुवनेश्वर द्वारा उत्तराखंड में आयोजित किया गया है। ओडिशा के मीडिया प्रतिनिधिमंडल का आरवीएनएल के डीजीएम (सिविल) ओम प्रकाश मालगुरी ने गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्होंने पत्रकारों के दल को महत्वाकांक्षी ऋषिकेश–कर्णप्रयाग रेल लाइन प्रोजेक्ट की प्रगति और इसके महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस प्रोजेक्ट को हिमालयी क्षेत्र में शुरू की गई सबसे चुनौतीपूर्ण रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर पहलों में से एक माना जाता है, और इसका उद्देश्य उत्तराखंड में रेल कनेक्टिविटी में काफी सुधार करना है।

प्रोजेक्ट साइट के दौरे के दौरान अधिकारियों ने बताया कि 125 किलोमीटर लंबी यह रेल लाइन, जिसे लगभग 37,000 करोड़ की अनुमानित लागत से विकसित किया जा रहा है। जो ऋषिकेश को हिमालयी क्षेत्र गढ़वाल के उबड़–खाबड़ इलाकों से होते हुए कर्णप्रयाग से जोड़ेगी। यह प्रोजेक्ट उत्तराखंड के पांच जिलों – देहरादून, टिहरी, पौड़ी, रुद्रप्रयाग और चमोली से होकर गुजरता है, जिससे पूरे क्षेत्र में कनेक्टिविटी मजबूत होगी।

प्रोजेक्ट की इंजीनियरिंग से जुड़ी जटिलताओं पर प्रकाश डालते हुए अधिकारियों ने बताया कि रेल मार्ग का लगभग 85 प्रतिशत हिस्सा सुरंगों से होकर गुजरता है, जिससे यह देश के सबसे ज़्यादा सुरंगों वाले रेलवे प्रोजेक्ट्स में से



एक बन जाता है। इस प्रोजेक्ट में 100 किलोमीटर से ज़्यादा लंबी 16 बड़ी सुरंगों का निर्माण शामिल है, साथ ही गहरी घाटियों और पहाड़ी नदियों पर कई पुल भी बनाए जा रहे हैं।

दौरे के हिस्से के तौर पर, मीडिया प्रतिनिधिमंडल ने प्रस्तावित शिवपुरी स्टेशन तक फैली सुरंग का दौरा करके सुरंग बनाने के काम का प्रत्यक्ष अनुभव भी लिया। सुरंग के अंदर पैदल चलकर पत्रकारों ने खुदाई के पैमाने और हिमालयी चट्टानों को काटकर रेलवे सुरंगें बनाने में इस्तेमाल की गई सटीक इंजीनियरिंग को करीब से देखा।

आरवीएनएल के अधिकारियों ने बताया कि एक बार पूरा हो जाने पर, यह रेल लाइन पहाड़ी जिलों तक कनेक्टिविटी में काफी सुधार करेगी और उत्तराखंड में महत्वपूर्ण तीर्थ स्थलों तक पहुंच को आसान बनाएगी। इस प्रोजेक्ट से पर्यटन को बढ़ावा मिलने, आवागमन में सुधार होने और क्षेत्र के सामाजिक–आर्थिक विकास में योगदान मिलने की भी उम्मीद है। मीडिया प्रतिनिधिमंडल में ओडिशा के नौ वरिष्ठ पत्रकार शामिल हैं, और उनके साथ भुवनेश्वर के सहायक निदेशक महेंद्र जेना और सूचना सहायक विकास रंजन दलाई भी मौजूद थे।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com